वर्ष : 34 | अंक : 357 | मुंबई, शुक्रवार, 6 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश आज आएगा बजट**




**महाराष्ट्र का सरकारी कर्ज 2025-26 में 9.32 लाख करोड़, पर राज्य की विकास दर 7.9% के साथ देश में अव्वल**

# आज खुलेगा फडणवीस का पिटारा

धीरज सिंह/दीपक पवार | मुंबई

**महाराष्ट्र विधानसभा में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने यह साफ़ कर दिया है कि कर्ज के बोझ के बावजूद महाराष्ट्र देश का सबसे बड़ा 'आर्थिक पावरहाउस' बना हुआ है। वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल द्वारा पेश रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की अर्थव्यवस्था अब 51 लाख करोड़ रुपये के जादुई आंकड़े को छूने की तैयारी में है। महाराष्ट्र विधानसभा में पेश आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट ने एक तरफ 7.9% की विकास दर के साथ राज्य की मजबूती दिखाई है, तो दूसरी तरफ 9.32 लाख करोड़ रुपये के कर्ज ने वित्तीय संतुलन की चुनौती भी पेश कर दी है। अब सबकी निगाहें 6 मार्च को मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा पेश किए जाने वाले बजट पर टिकी हैं।**

## 'ग्रोथ इंजन' की रफ़्तार बनाम कर्ज का बोझ

महाराष्ट्र देश का सबसे अमीर राज्य है और इसकी अर्थव्यवस्था 51 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँच गई है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य 7.9% की दर से बढ़ रहा है। लेकिन चिंता की बात यह है कि राज्य पर कर्ज का बोझ बढ़कर 9.32 लाख करोड़ रुपये हो गया है। फडणवीस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे विकास की रफ़्तार कम किए बिना 'राजस्व घाटे' को कैसे काबू में रखते हैं।

## राजस्व स्थिति और वित्तीय अनुशासन

बजट अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य का कुल राजस्व संग्रह 5.61 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। राज्य ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए राजकोषीय घाटे (Fiscal Deficit) को ग्रॉस स्टेट इनकम के 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर रखने में सफलता पाई है। इस वर्ष राजकोषीय घाटा 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो सरकार के बेहतर वित्तीय प्रबंधन का प्रमाण है।

## कृषि क्षेत्र: बेमौसम बारिश की मार और सरकारी मुआवजा

कृषि क्षेत्र में इस साल 109.1 प्रतिशत औसत बारिश दर्ज की गई। गन्ने और कपास के उत्पादन में बढ़त की उम्मीद है, लेकिन दालों और तिलहन के उत्पादन में गिरावट की आशंका है। बेमौसम बारिश से प्रभावित 116.40 लाख किसानों के लिए सरकार ने 9,022.38 करोड़ रुपये का मुआवजा मंजूर किया है।

## औद्योगिक नेतृत्व और एमएसएमई का जाल

महाराष्ट्र की 'इंडस्ट्री और सर्विसेज पॉलिसी 2025' के तहत निवेश पर विशेष जोर दिया गया है। दिसंबर 2025 तक राज्य में 63.85 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) पंजीकृत हो चुके हैं, जिनसे राज्य में 2.52 करोड़ से ज्यादा नौकरियां पैदा हुई हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि महाराष्ट्र न केवल बड़े उद्योगों बल्कि छोटे व्यापारियों के लिए भी सबसे पसंदीदा राज्य बना हुआ है।

## 'लाडकी बहिन' योजना: 45 हजार करोड़ का सवाल

महायुति सरकार की सबसे लोकप्रिय 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के लिए सालाना 45,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि जुटानी पड़ रही है। महिलाओं को हर महीने मिलने वाले 1500 रुपये को जारी रखना सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन इसके लिए दूसरे विभागों के बजट में कटौती न हो, यह एक बारीक संतुलन का काम होगा।

## इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी 'बूस्टर डोज'

राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बजट में कई बड़ी परियोजनाओं के लिए घोषणाएं हो सकती हैं। इनमें पुणे-नाशिक हाई-स्पीड रेल, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, पालघर में वाढवण बंदरगाह का विकास, मुंबई वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट के साथ नागपुर,नाशिक,पुणे जैसे शहरों में ग्रोथ सेंटर बनाना शामिल हैं।

## आर्थिक सर्वेक्षण पर नजर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश करते हुए महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 'अनस्टॉपेबल' (अजेय) बताया है। सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र देश के औद्योगिक और आर्थिक पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) की अनुमानित विकास दर 7.9% रहने की उम्मीद है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक बुनियादी संरचना को दर्शाती है।

### प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़त

सर्वेक्षण के मुताबिक, 2025-26 में राज्य की नॉमिनल ग्रॉस स्टेट इनकम 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय (Per Capita Income) बढ़कर 3,47,903 रुपये होने का अनुमान है। यह आंकड़ा अखिल भारतीय औसत (2,19,575 रुपये) से काफी अधिक है।

### देश की जीडीपी में सर्वाधिक योगदान और विदेशी निवेश में नंबर-1

भारत की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक बनी हुई है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) के मामले में भी महाराष्ट्र का कोई सानी नहीं है; 31 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ राज्य देश में पहले स्थान पर है।

### सेक्टरवार विकास और कृषि की स्थिति

महाराष्ट्र की विकास दर में सबसे बड़ा योगदान सेवा क्षेत्र का है, जो 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र (Industry) 5.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि कृषि और संबद्ध गतिविधियां 3.4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। सरकार ने विकास परियोजनाओं के लिए 93,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। कृषि क्षेत्र में खरीफ की बुआई 157.27 लाख हेक्टेयर में हुई है, जिससे अनाज, गन्ना और तिलहन की पैदावार में अच्छी बढ़त की उम्मीद है, हालांकि रबी तिलहन के उत्पादन में 16.2 प्रतिशत की गिरावट की आशंका जताई गई है।

### महंगाई पर लगाम और जीएसटी का सकारात्मक प्रभाव

राज्य सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में सफल रही है। अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान ग्रामीण इलाकों में महंगाई दर 2.0 प्रतिशत और शहरी इलाकों में मात्र 1.5 प्रतिशत दर्ज की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी (GST) दरों में किए गए बदलावों का कीमतों पर अनुकूल असर पड़ा है, जिससे आम आदमी की थाली पर महंगाई की मार कम हुई है।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली और 'शिव भोजन' योजना का विस्तार

गरीबों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के मामले में महाराष्ट्र अग्रणी है। दिसंबर 2025 तक राज्य में 270.84 लाख राशन कार्ड धारक थे, जिन्हें 51,636 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से अनाज मिल रहा है। राज्य की महत्वाकांक्षी 'शिव भोजन' योजना के तहत नवंबर 2025 तक 4.09 करोड़ से अधिक थालियां बांटी जा चुकी हैं, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पौष्टिक भोजन सुनिश्चित हुआ है।

### सामाजिक विकास: लाखों परिवारों को मिला अपना घर

सोशल सेक्टर में प्रगति का विवरण देते हुए रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में 8.75 लाख और ग्रामीण क्षेत्रों में 16.05 लाख घर पूरे किए जा चुके हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 34,584 गांवों को ODF+ घोषित किया गया है, जबकि जल जीवन मिशन के माध्यम से 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों को पाइप के जरिए पानी का कनेक्शन मिल चुका है।

---

## ब्रीफ न्यूज़

### महाराष्ट्र में टला परिवहन संकट

मुंबई। महाराष्ट्र के लाखों यात्रियों और स्कूली बच्चों के अभिभावकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। शुक्रवार आधी रात से शुरू होने वाली ट्रांसपोर्टरों की प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। 'महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट एक्शन कमेटी' (एम-टैक) ने गुरुवार शाम को घोषणा की कि सरकार के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद उन्होंने अपने आंदोलन को टालने का निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य की परिवहन व्यवस्था चरमराने से बच गई है।

हड़ताल टालने का मुख्य कारण राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा दिया गया लिखित आश्वासन है। मंत्री सरनाईक ने ट्रांसपोर्टरों को पत्र लिखकर भरोसा दिलाया है कि वर्तमान में सरकार बजट सत्र में व्यस्त है। उन्होंने वादा किया कि सत्र समाप्त होते ही ट्रांसपोर्टरों की सभी मांगों और मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाएगा। मंत्री ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि ईरान युद्ध के कारण निर्यात पर असर पड़ा है, ऐसे में आंतरिक परिवहन सुचारू रहना अनिवार्य है।

### अब जबरन धर्म परिवर्तन पर होगी जेल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने राज्य के सामाजिक और धार्मिक परिदृश्य को प्रभावित करने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गुरुवार को राज्य मंत्रिमंडल ने एक अत्यंत कड़े धर्मांतरण विरोधी विधेयक को अपनी स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए सत्ताधारी दल के मंत्रियों और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने इसे हिंदुत्व की जीत बताया है। भाजपा नेतृत्व वाली इस सरकार का मानना है कि यह कानून राज्य में धार्मिक सौहार्द बनाए रखने और अनैतिक गतिविधियों को रोकने में सहायक होगा। भाजपा विधायक और मुखर नेता नितेश राणे ने विधान भवन के बाहर मीडिया से बात करते हुए इस फैसले को देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र का यह नया कानून पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश और गुजरात के मौजूदा कानूनों की तुलना में कहीं अधिक सख्त होगा। राणे ने कहा कि हिंदुत्ववादी संगठनों का लंबा संघर्ष अब रंग लाया है और यह विधेयक समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करेगा। नए कानून के तहत धोखे, प्रलोभन या जबरन धर्मांतरण को 'गैर-जमानती अपराध' की श्रेणी में रखा गया है।

# नीतीश का राज्यसभा गमन

## बिहार छोड़ दिल्ली चले नीतीश कुमार, राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

**बिहार की राजनीति का जब भी इतिहास लिखा जाएगा, उसमें नीतीश कुमार का नाम किसी एक अध्याय तक सीमित नहीं रहेगा. वे पूरी किताब की जिल्द की तरह हैं, जो पिछले दो दशकों से बिहार के बिखरे हुए पन्नों को समेटे हुए हैं. 'सुशासन बाबू' से लेकर 'चाणक्य' और 'पलटूराम' तक की उपमाएं उनके व्यक्तित्व के अलग-अलग रंग से जुड़ती हैं. अब जब वे मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जा रहे हैं, तो यह केवल एक नेता का नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति के एक बड़े ध्रुव का ट्रांसफर है. फिलहाल बिहार की राजनीति अब एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां 'नीतीश युग' का ससम्मान अंत हो रहा है।**

एजेंसी | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यानी उनका राज्यसभा जाना तय हो गया है और अब उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना होगा। चर्चाएं हैं कि राज्य में अब भाजपा का मुख्यमंत्री हो सकता है। 4 मार्च को मुख्यमंत्री आवास पर जनता दल यूनाइटेड (JDU) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी ने नीतीश के साथ बैठक की। इसके बाद चौधरी ने कहा कि अंतिम फैसला नीतीश कुमार ही लेंगे। उनके राज्यसभा जाने की बात चल रही है। निशांत के राजनीति में आने की बातें जोरों शोरों से चल रही है। पार्टी के सारे नेता चाहते हैं कि वो राजनीति में आएं। खबर है कि उमेश कुशवाहा बिहार JDU के अध्यक्ष बन सकते हैं।



### बिहार की सियासत में आगे क्या होगा?

नीतीश को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना होगा, क्योंकि संविधान के मुताबिक, एक व्यक्ति एक ही समय पर 2 संसद का सदस्य नहीं रह सकता। नीतीश के इस्तीफे के साथ ही बिहार में नए सिरे से सरकार का गठन करना होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री के पद छोड़ते ही ये संवैधानिक तौर पर जरूरी होता है। मुख्यमंत्री पद भाजपा को मिल सकता है। JDU के कोटे में 2 उपमुख्यमंत्री पद जा सकते हैं।

### 2005 से मुख्यमंत्री हैं नीतीश

नीतीश सबसे पहले वर्ष 2000 में मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने 3 मार्च को शपथ ली और 10 मार्च को 7 दिन बाद इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वे 24 नवंबर, 2005 को मुख्यमंत्री बने और 20 मई, 2014 तक रहे। मई 2014 से फरवरी 2015 तक मांझी मुख्यमंत्री थे। नीतीश ने 22 फरवरी, 2015 को फिर पद संभाला और इसके बाद लगातार मुख्यमंत्री रहे। वे 10 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं।

### विदाई की पटकथा

**DBD टिप्पणी**

बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव की पटकथा अचानक नहीं लिखी गई, बल्कि इसकी तैयारी पिछले कई वर्षों से चल रही थी। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सम्मानजनक विदाई का रोडमैप 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद ही तैयार हो गया था और समय के साथ उसे चरणबद्ध तरीके से अमल में लाया गया। 2020 के चुनाव में जेडीयू को सिर्फ 43 सीटें मिलने के बाद नीतीश कुमार खुद मुख्यमंत्री बनने के इच्छुक नहीं थे। लेकिन उस वक्त भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनसे कहा कि चुनाव उनके नाम पर लड़ा गया है, इसलिए मुख्यमंत्री पद उन्हें ही संभालना होगा। तभी यह तय हुआ कि कुछ समय बाद नीतीश की इच्छा के अनुसार उन्हें सम्मानजनक तरीके से सक्रिय राजनीति से अलग किया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली दौरों के दौरान नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी इस विषय पर चर्चा की थी। इसके बाद धीरे-धीरे संकेत मिलने लगे- 2025 के बाद गृह विभाग का भाजपा के पास जाना, जेडीयू के भीतर सत्ता संतुलन का बदलना और भाजपा नेताओं का मजबूत होना। इस बीच, भाजपा ने रणनीतिक रूप से सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाकर नीतीश के साथ साये की तरह रखा। नीतीश की 2024 में एनडीए में वापसी का मकसद लोकसभा चुनाव में फायदा और उनके सामाजिक आधार वोट बैंक को साधे रखना था। नीतीश कुमार की सेहत में गिरावट के साथ ही जेडीयू के कई शीर्ष नेताओं की नजदीकियां भाजपा से बढ़ती गईं। ललन सिंह के केंद्रीय मंत्री बनने और संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी के भीतर सत्ता केंद्र बदलता दिखा। सूत्रों के अनुसार, लगभग दो महीने पहले बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और जेडीयू नेताओं की शीर्ष नेतृत्व से बैठक में नीतीश कुमार के एग्जिट प्लान को अंतिम रूप दिया गया।

# अब संसदीय राजनीति में पवार बनाम पवार



**दादा और पोता एक साथ पहुंचेंगे राज्यसभा**

**शरद और पार्थ पवार ने दाखिल किया नामांकन**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में 'पवार' परिवार का दबदबा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार और उनके पोते पार्थ पवार ने अपने-अपने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। यह भारतीय संसदीय इतिहास का एक दुर्लभ क्षण होगा यदि दादा और पोता एक साथ उच्च सदन (राज्यसभा) की कार्यवाही में हिस्सा लेते हुए दिखाई देंगे। शरद पवार विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाडी (MVA) के साझा उम्मीदवार हैं, जबकि पार्थ पवार को सत्ताधारी महायुति गठबंधन (NCP-अजित गुट) ने मैदान में उतारा है।

### अजित पवार के निधन के बाद पार्थ पवार की नई राजनीतिक पारी

इस चुनाव की पृष्ठभूमि काफी भावुक है। पार्थ पवार के पिता और महाराष्ट्र के कद्दावर नेता अजित पवार की 28 जनवरी 2026 को बारामती के पास एक दुखद विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनके असामयिक निधन के बाद पार्थ पवार को राज्यसभा भेजकर पार्टी और परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है। पार्थ के लिए यह चुनाव उनकी राजनीतिक वापसी के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें मावल सीट से हार का सामना करना पड़ा था।

## नीरव मोदी के भाइयों को 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित करने की प्रक्रिया शुरू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई की एक विशेष पीएमएलए (PMLA) अदालत ने फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भाइयों, निशाल और नेहाल मोदी, को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विशेष न्यायाधीश ए.वी. गुजराती ने ईडी की याचिका पर संज्ञान लेते हुए पूछा है कि उन्हें आधिकारिक तौर पर 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' (FEO) क्यों घोषित नहीं किया जाना चाहिए। उनके साथ ही नीरव मोदी की कंपनी के दो वरिष्ठ अधिकारियों, आदित्य नानावती और संदीप मिस्त्री को भी समान नोटिस भेजे गए हैं। अदालत ने सभी पक्षों को



7 मई 2026 तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है। प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि नेहाल मोदी ने फर्जी कंपनियों और संदिग्ध विदेशी लेनदेन के जरिए नीरव मोदी को करोड़ों रुपये की हेराफेरी और फंड छिपाने में सक्रिय रूप से मदद की। वहीं, निशाल मोदी पर आरोप है कि वह 2011 से 2013 के बीच दुबई स्थित शेल कंपनियों में फर्जी साझेदारों की नियुक्ति और उन खातों से लाभ उठाने में शामिल थीं।

**साहसी सफर** | 17 किमी 'ओपन सी' तैराकी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे मानस पाटिल

# अरब सागर की लहरों पर फतह की तैयारी

उरण | नवी मुंबई

उभरते हुए नन्हे तैराक मानस जयेश पाटिल आज अरब सागर की लहरों को चुनौती देने उतरेंगे। वे उरण नागांव बीच से जेएनपीए (JNPA) तक 17 किलोमीटर की दूरी तय कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य लेकर पानी में उतरेंगे।



### 17 किलोमीटर का सफर

मानस पाटिल कोई आम तैराकी नहीं, बल्कि 'ओपन सी' (खुला समुद्र) तैराकी करने जा रहे हैं। समुद्र की लहरों और हवा के विपरीत दिशा में तैरना एक बड़ी चुनौती है। उनका लक्ष्य उरण के नागांव बीच से शुरू होकर जेएनपीए (JNPA) तक पहुँचना है।

### कोच संतोष पाटिल का मार्गदर्शन

मानस की इस कामयाबी के पीछे उनके कोच संतोष पाटिल की कड़ी मेहनत है। उनके मार्गदर्शन में ही मानस ने समुद्र की लहरों से लड़ना सीखा है। आज सुबह 07:00 बजे जब मानस पानी में उतरेंगे, तो पूरे रायगढ़ और मुंबई की निगाहें उन पर होंगी। अगर मानस यह दूरी तय कर लेते हैं, तो वे दुनिया के उन चुनिंदा तैराकों में शामिल हो जाएंगे जिन्होंने इतनी कम उम्र में समुद्र के 17 किलोमीटर के हिस्से को पार किया है।

### वर्ल्ड रिकॉर्ड जूरी की 'पैनी नज़र'

इस रिकॉर्ड की प्रामाणिकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'IEA बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' की जूरी खुद मौके पर मौजूद रहेगी। IEA के सीईओ डॉ. संदीप सिंह के नेतृत्व में नेशनल जूरी हेमंत श्रृंगी और मीडिया हेड अरुण लाल इस पूरे सफर की बारीकी से निगरानी करेंगे।

न्यूज़ ब्रीफ

### बीएमसी की टेंडर प्रकिया में अनियमितता, होगी जांच

मुंबई। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के 'ई' विभाग के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए अपनाई गई टेंडर प्रक्रिया विवादों के घेरे में आ गई है। गुरुवार को विधानसभा में इस मुद्दे पर गूँज सुनाई दी, जिसके बाद नगर विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने मामले की विस्तृत जांच कराने की घोषणा की। समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख और अन्य सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा निविदा रद्द करने और प्रोजेक्ट को पीपीपी (PPP) मॉडल पर ले जाने के तर्कों की गहन समीक्षा की जाएगी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने भी हस्तक्षेप किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत चर्चा करने के लिए उनके चैंबर में सभी संबंधित सदस्यों और अधिकारियों की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी। राज्य मंत्री माधुरी मिसाल ने सदन को भरोसा दिलाया कि 'ई' विभाग से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी दो दिनों के भीतर सदस्यों को उपलब्ध करा दी जाएगी। इस बैठक के बाद ही अनियमितता के दोषियों पर आगे की कार्रवाई और जांच के स्वरूप को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### वायु प्रदूषण का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अंखड की पीठ ने मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए एक उच्च स्तरीय समिति (HPC) को आस-पास के शहरों से आने वाले प्रदूषण का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। अदालत ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए पूछा कि क्या मुंबई में भी हरियाणा और पंजाब की तरह पड़ोसी क्षेत्रों के कारण हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। सुनवाई के दौरान सामाजिक संस्था 'वनशक्ति' के वरिष्ठ वकील जनक द्वारकादास ने पीठ का ध्यान पनवेल और नवी मुंबई की ओर आकर्षित किया, जहाँ अटल सेतु के निकट स्थित कंटेनर डिपो से 24 घंटे चलने वाले भारी ट्रकों और नए हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाली धूल ने प्रदूषण का स्तर खतरनाक बना दिया है। कोर्ट ने इसे एक गंभीर मुद्दा मानते हुए एमिकस क्यूरी और विशेषज्ञों को प्रदूषण कम करने के उपाय सुझाने की आजादी दी है और स्पष्ट किया है कि मुंबई की खराब हवा के लिए केवल शहर ही नहीं, बल्कि पड़ोसी इलाकों की गतिविधियां भी जिम्मेदार हो सकती हैं। मामले की अगली सुनवाई अब अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी।

### आश्रम स्कूल छात्रावास में भीषण आग, सुरक्षित निकाली गईं 87 छात्राएं

**पालघर।** जिले से एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है, जहां दहानू तालुका के कंदरवाड़ी गांव स्थित एक सरकारी आश्रम स्कूल के बालिका छात्रावास में गुरुवार शाम भीषण आग लग गई। पालघर जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम के अनुसार, आग लगने की घटना शाम 5:20 बजे हुई, उस समय छात्रावास में कुल 87 छात्राएं मौजूद थीं। प्रशासन की तत्परता और समय रहते की गई कार्रवाई के चलते सभी छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में फिलहाल किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। शाम लगभग 6:03 बजे राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया और दमकल विभाग की टीमें आग बुझाने की कोशिशों में जुट गईं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# कल्याण-ठाकुर्ली और कर्जत-भिवपुरी के बीच तीन रातों का 'मेगा ब्लॉक'

## कल्याण-ठाकुर्ली के बीच पत्रीपुल आरओबी गर्डर लॉन्चिंग के लिए ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के कल्याण और ठाकुर्ली स्टेशनों के बीच तीसरे 'पत्रीपुल' रोड ओवर ब्रिज (ROB) के निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। रेलवे प्रशासन ने यहाँ गर्डर लॉन्च करने के लिए 6 से 9 मार्च 2026 की मध्यरात्रि के दौरान विशेष यातायात और पावर ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। यह ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और यात्री सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद आवश्यक माना जा रहा है।



### शनिवार और रविवार की रात उपनगरीय सेवाएं प्रभावित

ब्लॉक की दूसरी रात 7/8 मार्च को रात 01:45 से 04:15 बजे तक चारों लाइनों (फास्ट और स्लो) पर काम होने के कारण लोकल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहेंगी। सीएसएमटी से छूटने वाली अंबरनाथ लोकल और वापसी की ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं, सीएसएमटी-कर्जत लोकल को ठाणे में ही समाप्त कर दिया जाएगा, जिससे देर रात सफर करने वाले यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

### छठी लाइन से चलेंगी मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें

शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात शालीमार-एलटीटी, हावड़ा-सीएसएमटी और गोरखपुर-एलटीटी जैसी एक्सप्रेस ट्रेनों को स्लो/फास्ट लाइन के बजाय छठी लाइन से निकाला जाएगा। इस बदलाव के कारण ये ट्रेनें अपने निर्धारित समय से 5 से 10 मिनट की देरी से चलेंगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना इन बदलावों को ध्यान में रखकर ही बनाएं।

### शुक्रवार और शनिवार की रात ट्रेनों का डाइवर्जन

ब्लॉक की पहली रात यानी 6/7 मार्च को रात 11:00 बजे से तड़के 03:00 बजे तक डोम्बिवली और कल्याण के बीच फास्ट लाइनों और यार्ड में काम होगा। इस कारण पुणे-अहमदाबाद दुरंतो एक्सप्रेस को कर्जत-पनवेल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर-एलटीटी और जयनगर-एलटीटी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को कल्याण-डोम्बिवली के बीच अप फास्ट लाइन पर चलाया जाएगा।

## पनवेल-कर्जत कॉरिडोर का काम तेज

▶▶ कर्जत-भिवपुरी रोड के बीच तीन दिन ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (MUTP-III) के अंतर्गत पनवेल-कर्जत नए कॉरिडोर के निर्माण के लिए मध्य रेलवे द्वारा कर्जत और भिवपुरी रोड स्टेशनों के बीच विशेष पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। यह ब्लॉक 6 मार्च से 9 मार्च 2026 तक लगातार तीन रातों के लिए प्रभावी रहेगा। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर पोर्टल बूम और तकनीकी उपकरणों (TTB) की स्थापना का कार्य किया जाएगा।

### देर रात 01:55 से शुरू होगी कार्रवाई

रेलवे द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार, प्रत्येक रात (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) को 01:55 बजे से तड़के 03:10 बजे तक अप और डाउन दोनों लाइनों पर ट्रैफिक बंद रहेगा। इस 75 मिनट के ब्लॉक के दौरान कर्जत और भिवपुरी रोड के बीच किसी भी ट्रेन के संचालन की अनुमति नहीं होगी, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनें और भोर की पहली लोकल प्रभावित होंगी।

### बदलापुर और कर्जत के बीच लोकल सेवा बंद

ब्लॉक अवधि के दौरान बदलापुर से कर्जत के बीच उपनगरीय सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। रात 12:12 बजे सीएसएमटी से कर्जत के लिए निकलने वाली आखिरी लोकल ट्रेन को कर्जत के बजाय बदलापुर (या शनिवार की रात ठाणे) में ही शॉर्ट-टर्मिनेट कर दिया जाएगा। सुबह के समय कर्जत से पहली लोकल 03:35 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि बदलापुर से सुबह 03:03 बजे सेवा शुरू होगी।

### मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट में बदलाव

ब्लॉक के चलते भुवनेश्वर-सीएसएमटी, विशाखापत्तनम-एलटीटी और हैदराबाद-सीएसएमटी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों को कर्जत-पनवेल-दिवा मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। ये ट्रेनें अपने गंतव्य पर 10 से 20 मिनट की देरी से पहुंचेंगी। जिन ट्रेनों का ठहराव कल्याण था, उन्हें अब पनवेल या ठाणे में वैकल्पिक स्टॉप दिया जाएगा ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

# सफेद ज़हर के सौदागरों पर नकेल

### 41 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ राजस्थान का युवक गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घोड़बंदर रोड इलाके से 30 वर्षीय राजेश कुमार मगनाराम को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से राजस्थान का निवासी है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित एमडी (मेफेड्रोन) पाउडर बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा जब्त की गई इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 41 लाख 74 हजार रुपये बताई जा रही है।



### गुप्त सूचना पर ओवाला नाका पर बिछाया गया जाल

एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड को पुख्ता जानकारी मिली थी कि 3 मार्च की सुबह राजेश कुमार नाम का एक तस्कर घोड़बंदर रोड स्थित ओवाला नाका के पास 'सागर लॉजिंग एंड बोर्डिंग' में नशीला पदार्थ बेचने आने वाला है। इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें सहायक पुलिस निरीक्षक सोमनाथ कर्णवार-पाटिल और पुलिस उप-निरीक्षक दीपक दुम्मलवाड़ शामिल थे।

### तलाशी में मिला प्रतिबंधित पाउडर, मोबाइल और कैश ज़ब्त

जैसे ही संदिग्ध आरोपी मौके पर पहुँचा, पहले से जाल बिछाकर बैठी पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 208.7 ग्राम एमडी पाउडर बरामद हुआ। नशीले पदार्थों के अलावा, पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और 2,170 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। इस पूरी कार्रवाई में कुल 41,86,170 रुपये का माल ज़ब्त किया गया है।

### कासरवडावली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

आरोपी राजेश कुमार के खिलाफ कासरवडावली पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस (NDPS) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गैर-कानूनी तरीके से ड्रग्स रखने और तस्करी करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### नेटवर्क खंगालने में जुटी एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड

इस गिरफ्तारी के बाद एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि राजेश कुमार यह ड्रग्स कहाँ से लाया था और ठाणे में वह इसे किन लोगों को सप्लाई करने वाला था। पुलिस को संदेह है कि इसके पीछे एक बड़ा अंतरराज्यीय ड्रग्स रैकेट काम कर रहा हो सकता है, जिसके तार राजस्थान और मुंबई के अन्य हिस्सों से जुड़े हो सकते हैं।

## क्लास के दौरान गिरा स्लैब, 12 घायल

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

कोपरखैरने सेक्टर-2 स्थित विद्या भवन इमारत में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहाँ एक फ्लैट की छत का स्लैब अचानक गिर गया। जिस समय यह हादसा हुआ, उस फ्लैट में ट्यूशन क्लासेस चल रही थीं, जिसके कारण मलबे की चपेट में आने से लगभग 12 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नवी मुंबई अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर ग्रिल काटकर और मलबा हटाकर फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए कोपरखैरने के अपेक्स और साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### जर्जर इमारत और प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल



स्थानीय सूत्रों और नागरिकों के अनुसार, विद्या भवन इमारत काफी समय से जर्जर अवस्था में थी और इसकी संरचनात्मक स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। निवासियों का आरोप है कि इमारत की मरम्मत और स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग पहले भी कई बार की गई थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों या प्रबंधन द्वारा इस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया। फिलहाल, प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से प्रभावित हिस्से को खाली करवा लिया है और हादसे के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# नागरिक सुविधाओं का बुरा हाल

### तीन महीनों से अंधेरे में रहने को मजबूर स्थानीय निवासी

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी महानगरपालिका के वार्ड क्रमांक 1 स्थित पांजरापुल और हसन पटेल की चाल जैसे घने बसे इलाकों में पिछले तीन महीनों से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण रात के समय पूरे क्षेत्र में गहरा अंधेरा छाया रहता है, जिससे राहगीरों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को आवाजाही में भारी असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे रात के समय असामाजिक तत्वों का डर भी बना रहता है।




### रमजान माह में बढ़ी परेशानी

समाजवादी पार्टी के कार्यालय सचिव असलम फैजाबादी ने इस संबंध में भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के आयुक्त को लिखित शिकायत सौंपी है। फैजाबादी ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में पाक रमजान का महीना चल रहा है, जिसमें सहरी और तरावीह की नमाज के लिए लोग सुबह और शाम बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलते हैं। ऐसे में अंधेरे के कारण बुजुर्गों और बच्चों को काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि त्योहार की पवित्रता और सुरक्षा को देखते हुए जल्द से जल्द लाइटें दुरुस्त की जाएं।

### जाम पड़े नाले और गंदगी का अंबार

क्षेत्र की दूसरी बड़ी समस्या ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई को लेकर है। शिकायत में बताया गया है कि पिछले तीन महीनों से नालों की सफाई न होने के कारण वे पूरी तरह जाम हो चुके हैं। नालों का गंदा पानी और उससे निकलने वाली असहनीय दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गंदगी की वजह से पूरे इलाके में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे स्थानीय निवासी डरे हुए हैं। यदि समय रहते सफाई नहीं की गई, तो यह स्थिति एक बड़े स्वास्थ्य संकट में बदल सकती है।

### डेंगू और मलेरिया फैलने का बढ़ा डर

नालों की गंदगी और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण इलाके में डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका प्रबल हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल नालों की सफाई ही नहीं, बल्कि मशीनों के जरिए कचरा निकाला जाए और पूरे क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए। डॉ. कफील दवा खाने के पीछे रहने वाले परिवारों का कहना है कि वे पहले ही बीमारियों से जूझ रहे हैं और प्रशासन की लापरवाही इसे और गंभीर बना रही है। असलम फैजाबादी ने अपनी शिकायत में प्रशासन को सचेत किया है कि यदि आगामी कुछ

# म्हाडा का डिजिटल अवतार

## नागरिकों के लिए लॉन्च हुआ 'DigiMHADA' मोबाइल ऐप

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (MHADA) ने अपना नया मोबाइल एप्लीकेशन 'DigiMHADA' लॉन्च किया है। बांद्रा (पूर्व) स्थित म्हाडा मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल ने इस ऐप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर म्हाडा के कई वरिष्ठ अभियंता और अधिकारी भी मौजूद रहे।

### एक ही ऐप पर मिलेंगी कई सुविधाएं



'DigiMHADA' ऐप के जरिए नागरिक अब एक ही जगह पर ढेरों सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसमें ई-बिलिंग सेवा, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत विभिन्न बोर्ड की सेवाएं, ई-नीलामी (E-Auction), और ऑटो DCR अनुमति सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, ऐप के माध्यम से म्हाडा के पूर्ण हो चुके और वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जानकारी, आधिकारिक नोटिफिकेशन, और फ्लैट आवंटन के लिए आवेदन भी किए जा सकते हैं। 'नियर मी' (Near Me) जैसी सुविधा से नागरिक अपने आसपास की म्हाडा सेवाओं और स्थानों को आसानी से ढूंढ पाएंगे। संजीव जायसवाल ने सार्वजनिक प्रशासन में डिजिटल परिवर्तन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि म्हाडा अब पूरी तरह से 'नागरिक-केंद्रित' प्रशासन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में, पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस ऐप के भीतर सूचना का अधिकार (RTI) के तहत आवेदन करने की सुविधा भी ऑनलाइन उपलब्ध करा दी गई है। इससे अब नागरिकों को अपनी फाइलों और जानकारियों के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे, बल्कि वे पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से घर बैठे ही अपनी समस्या का समाधान पा सकेंगे।

**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**

**"ड" - निविदा सूचना क्रमांक ३२**

खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, २ रा माळा, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट मुंबई ४०० ००१ दूरध्वनी क्रमांक २२०१६९७५ हे खालील कामासाठी अनुभवी कंत्राटदार / ठेकेदार यांचेकडून खालील कामाकरीता **"ड- नमुन्यातील"** निविदा मागवित आहेत. को-या निविदेचा नमुना, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, यांचे कार्यालयातून **दिनांक ०९.०३.२०२६ ते १६.०३.२०२६** पर्यंत देण्यांत येईल. कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई, भरुन पाठविलेल्या सिलबंद निविदा **दिनांक १८.०३.२०२६** पूर्वी / त्यादिवशी संध्याकाळी ५.०० वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उघडतील.

| अ. क्र. | कामांचे नांव | अंदाजित किंमत (रु. लाखांत) | इसारा रक्कम (रुपये) | काम पूर्ण करण्याची कालमर्यादा | निविदेचा नमूना प्रकार | निविदा नमुन्याची किंमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ |
| १ | Making and Erecting Mandap for Central Registry Unit and Pathway Mumbai.(SM-33619) | रु.८,४२,७२०,०० | रु.८५००.०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| १. | Providing and Erecting of VIP Chair, Wash hand Basin, White Partition, Wooden Stage, Folding Table 4'x2' canopy for Agradoot & Nandanvan Bunglow Malbar Hill Mumbai. (WM-33559) | रु.८,३९,६६१.०० | रु.८५००,०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| २. | Providing & Erecting of Waterproof Mandap VIP Chair, Table, Partition, Carpet etc on Hire basis at Muktagiri, Satpuda and Jetwan Bunglow Malbar hill Mumbai. (WM-33560) | रु.८,१९,९५९.०० | रु.८५००.०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| ३. | Providing & Erecting Mandap, PVC Chair, Round Table, Folding Table, Dunlope Chair with cover, White Partition, Red Carpet etc on Hire Basis at Varsha-Torna Bunglow Malbar Hill Mumbai. (WM-33563) | रु.८,३९,५९१.०० | रु.८५००.०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| ४. | CR to B/1, B/2,B/3,B/4,B/5 Minister Bunglow at Madam Cama Road Mumbai - Providing fixing Mandap, VIP Chair, Tabel, Carpet, Canopy, Hand Washing Counter. (SM-33690) | रु.८,४२,०३१.०० | रु.८५००,०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| ५. | CR to A,B,C Type Minister Bunglow at Madam Cama Road Mumbai Providing and Fixing Mandap, VIP Chair, Partition, Dunlop Chair, Folding Table, Cover, Mandap, Carpet. (SB-33691) | रु.८,१९,८७४.०० | रु.८५००.०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |
| ६. | CR to A/6 Minister Bunglow at Madam Cama Road Mumbai - Providing and Fixing Mandap, VIP Chair, Partition, Dunlop Chair, Folding Round Table & Cover etc. (SB-33692) | रु.८,४१,९३९.०० | रु.८५००,०० | १ महिने | "ड" | ५९०/ |

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सूचना फलकावार सविस्तर निविदा सूचना पहावयास मिळेल. एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता यांनी राखून ठेवला आहे.

**जा.क्र. काअ/इशवि/भांडार/डी-निविदा/ 2008**
कार्यकारी अभियंता, यांचे कार्यालय,
इलाखा शहर विभाग, बांधकाम भवन, २ रा मजला, २५, मर्झबान पथ, फोर्ट, मुंबई- ४०० ००१.
दुरध्वनी क्र. २२०१६९७५ / २२०१६९७३
ई-मेल - presidency.ce@mahapwd.com
**दिनांक :-** ०५/०३/२०२६

**DGIPR-2025-26/ C-6358**

सही/-
(वि.अ.पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता
इलाखा शहर विभाग, मुंबई.

# 'नींद की झपकी' परीक्षार्थी को पड़ी भारी

## पुलिस भर्ती के कैंडिडेट का मोबाइल फ़ोन एक्सप्रेस ट्रेन में चोरी

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे रेलवे स्टेशन पर एक बार फिर 'नींद की झपकी' एक परीक्षार्थी पर भारी पड़ गई। हिंगोली से पुलिस भर्ती का सपना लेकर मुंबई आए शिवशंकर सुभाष राठौड़ (23) का मोबाइल फोन ट्रेन में सोते समय चोरी हो गया। पुलिस भर्ती के फील्ड टेस्ट के लिए आए इस युवक ने टेस्ट पूरा करने के बाद ठाणे रेलवे पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

### नंदीग्राम एक्सप्रेस में 'हाथ की सफाई'

हिंगोली के रहने वाले शिवशंकर राठौड़ 2 मार्च को नंदीग्राम एक्सप्रेस से मुंबई के लिए निकले थे। उन्हें ठाणे/मुंबई में चल रही पुलिस भर्ती के फील्ड टेस्ट में शामिल होना था। ट्रेन के कोच नंबर S-6 की सीट नंबर 37 पर उनका रिजर्वेशन था। सफर लंबा था और मंजिल करीब थी, इसलिए वे बेफिक्र होकर सो गए। 3 मार्च की सुबह करीब 4:45 बजे जब ट्रेन कल्याण स्टेशन पहुंची, तब तक मोबाइल शिवशंकर की जेब में ही था। लेकिन कल्याण से ट्रेन चलने के बाद उन्हें गहरी नींद आ गई। सुबह 5:10 बजे जब ट्रेन ठाणे स्टेशन पहुंची और उनकी आँख खुली, तो उन्होंने देखा कि पैंट की दाहिनी जेब खाली थी। चोर ने उनकी नींद का फायदा उठाकर 20,100 की कीमत वाला मोबाइल पार कर दिया था।

### पहले 'मैदान' संभाला, फिर 'थाना'

शिवशंकर एक होनहार उम्मीदवार की तरह पहले अपने लक्ष्य पर ध्यान दिया। मोबाइल चोरी होने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और पुलिस भर्ती का अपना फील्ड टेस्ट पूरा किया। टेस्ट खत्म करने के बाद वे सीधे ठाणे लोहमार्ग (रेलवे) पुलिस स्टेशन पहुंचे और अपनी आपबीती सुनाई। ठाणे रेलवे पुलिस ने अनजान चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अर्चना दुसाने खुद इस मामले की देखरेख कर रही हैं। पुलिस अब स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज और ट्रेन के उस कोच में मौजूद संदिग्धों की जानकारी खंगाल रही है ताकि चोर को सलाखों के पीछे पहुँचाया जा सके।

# इतिहास की सबसे बड़ी 'होम' डिलीवरी

- **महाराष्ट्र में 4 लाख घरों का निर्माण पूरा**
- **बेघरों के लिए ज़मीन खरीदने की सब्सिडी हुई दोगुनी**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में 'हर परिवार को घर' देने का सपना अब हकीकत में बदलता दिख रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने विधान परिषद में जानकारी दी कि राज्य सरकार ने पिछले एक साल में रिकॉर्ड 4 लाख घर पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में अब लाभार्थियों को घर के साथ-साथ सोलर पावर और मुफ्त रेत जैसी अतिरिक्त सुविधाएं भी दी जा रही हैं। मंत्री जयकुमार गोरे के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र में 28,24,386 घरों को मंजूरी दी गई, जो देश के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। इनमें से करीब 4 लाख घर बनकर तैयार हो चुके हैं और चाबियाँ सौंपी जा चुकी हैं। फिलहाल लगभग 24 लाख घरों का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। फंड ट्रांसफर के नए 'सिंगल नोडल' सिस्टम की वजह से शुरू में थोड़ी देरी हुई थी, लेकिन अब पैसा सीधे और तेज़ी से लाभार्थियों के खातों में पहुँच रहा है। राज्य सरकार ने घर बनाने वाले गरीब परिवारों को अतिरिक्त वित्तीय राहत देने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लिए गए निर्णय के अनुसार, केंद्र और राज्य की नियमित सब्सिडी के अलावा 50,000 की एक्स्ट्रा मदद दी जा रही है। इसमें से 35,000 निर्माण के लिए और 15,000 घर पर सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए आवंटित हैं।

## भूमिहीनों के लिए 'जमीन' का जुगाड़

ग्रामीण क्षेत्रों में घर बनाने की लागत कम करने के लिए सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए योग्य लाभार्थियों को 5 ब्रास तक मुफ्त रेत देने का फैसला किया है, जिस पर कोई रॉयल्टी नहीं ली जाएगी। इसके अलावा, जिन लाभार्थियों के पास अपना घर बनाने के लिए जमीन नहीं है, उनके लिए 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय घरकुल जमीन खरीद योजना' के तहत मिलने वाली सब्सिडी को 50,000 से बढ़ाकर सीधा 1 लाख कर दिया गया है। जिन गरीब परिवारों के पास घर बनाने के लिए अपनी ज़मीन नहीं है, उनके लिए 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय घरकुल ज़मीन ख़रीद योजना' के तहत मदद को 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख कर दिया गया है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | 2026_MCGM_1283952_1 |
| संस्था का नाम | के/एन वार्ड के लिए आपदा संबंधी जेसीबी सेवाएँ उपलब्ध कराना। |
| निविदा शुल्क | रु. 3,630 + 18% जीएसटी |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | रु. 18,800/- |
| ई-निविदा जारी करने व बिक्री की तिथि | 05.03.2026 दोपहर 12:00 बजे से |
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि एवं ईएमडी प्राप्ति | 12.03.2026 शाम 16:00 बजे तक |
| पैकेट A, B एवं C का ऑनलाइन सबमिशन | 12.03.2026 शाम 16:00 बजे तक |
| पैकेट A एवं B खोलने की तिथि | 13.03.2026 शाम 16:05 बजे के बाद |
| पैकेट C खोलने की तिथि | बाद में सूचित किया जाएगा |
| पत्राचार हेतु पता | कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर का कार्यालय, मिलन मॉल के सामने, मिलन सबवे रोड, ऑफ एस.वी. रोड, सांताक्रूज़ (पश्चिम), मुंबई – 400054 फोन: 022-26182252 / 53 / 54 ई-मेल: trsg2008@yahoo.com |
| निविदा खोलने का स्थान | कार्यकारी अभियंता (परिवहन) पश्चिम उपनगर का कार्यालय। |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है। यदि इस ई-निविदा के संबंध में कोई संशोधन / परिशिष्ट (Addendum / Corrigendum) जारी किया जाता है, तो उसकी जानकारी महाराष्ट्र शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट (**https://mahatenders.gov.in**) पर प्रकाशित / अपलोड की जाएगी। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे समय-समय पर उक्त वेबसाइट पर इसकी जानकारी देखें।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी आवेदन को स्वीकार या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकती है।

हस्ता/-

पीआरओ/3197/विज्ञा./2025-26 — कार्यकारी अभियंता (परिवहन) डब्ल्यू. एस.

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**



## सार्वजनिक सूचना

**माननीय पारिवारिक न्यायालय क्र. 2, अजमेर में वाद क्रमांक CIS No. 103/2025**

**श्रीमती मोनिका शर्मा पत्नी श्री संदीप शर्मा, पुत्री श्री कमल कुमार शर्मा,** उम्र 36 वर्ष, निवासी 15/78, छाबेली गली, नला बाजार, अजमेर। प्रार्थिया

बनाम

**श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा,** उम्र 40 वर्ष, जाति सिंधी ब्राह्मण। निवासी, दुर्गा निवास ए विंग, द्वितीय तल, खार पाली रोड, टेलीफोन एक्सचेंज के पास, 16वीं रोड, खार वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र, 400052 मोबाइल 9821800026

**प्रतिवादी**

वादिनी द्वारा हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के अंतर्गत विवाह विच्छेद हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है।

प्रतिवादी को न्यायालय का समन उनके ज्ञात वर्तमान एवं पूर्व पते पर प्रेषित किया गया, किन्तु उनकी ओर से कोई उत्तर अथवा उपस्थिति प्राप्त नहीं हुई।

अतः आदेश 5 नियम 20, दीवानी प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि प्रतिवादी को उक्त वाद के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 16.04.2026 को प्रातः 10.30 बजे माननीय पारिवारिक न्यायालय क्र. 2, अजमेर में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

अन्यथा न्यायालय द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

**वादी**
**माननीय पारिवारिक न्यायालय क्र. 2**
**स्थान, अजमेर, दिनांक: 6-3-2026**



## मध्य रेल

**भुसावल मंडल**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. वीएसएल–एन–एसएनटी–54.2025–26 दिनांक 03.03.2026 (खुली ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार) मध्य रेल, भुसावल द्वारा डिजीटली हस्ताक्षरित ऑन लाईन खुली ई–निविदाएँ पात्र निविदाकर्ताओं से निम्न लिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। **1.:– ई–निविदा सूचना सं.:–** बीएसएल–एन–एसएनटी–54. 2025–26 दिनांक 03.03.2026, **2. कार्य का नाम भुसावल मंडल में भुसावल**–बडनेरा तथा भुसावल खंडवा खंड पर ट्रैक के किनारे सुरक्षा फेंसिंग एवं 06 सबवे के प्रावधान से संबंधित सिग्नलिंग कार्य।, **3. कार्य की अनुमानित लागत:–** रु 3,31,37,086.29/– (तीन करोड़ इकतीस लाख सैंतीस हजार छियासी रुपये और उनतीस पैसे मात्र।) **4. निविदा फार्म/बुकलेट की किमत :– नहीं, 5. बयाना राशी:– रु 3,15,700.00/–, 6. कार्य पूरा करने का समय:–** 15 माह एलओए देने के बाद।, **7. निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि:–** 13.03.2026 **8. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:–** 27.03.2026 के 15.00 बजे तक।, **9. निविदा खुलने की तिथि और समय:–** 27.03.2026 के 15.30 बजे (यदि संभव हो तो), **10.:–** वेबसाइट का विवरणजहा से निविदा सूचना के बारे में पूर्ण जानकारी आप प्राप्त कर सकते है। **www.ireps.gov.in**

मंडल रेल प्रबंधक (सिं. एवं दू.) भुसावल

BSL-07

**खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है**



## पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद के बीच दो सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाएगा

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य स्टेशन | सेवा की तिथियाँ | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09027 | मुंबई सेंट्रल – अहमदाबाद (AC सुपरफास्ट तेजस स्पेशल) | 07.03.2026 | रात 23:45 बजे (शनिवार) | अगले दिन सुबह 08:30 बजे |
| 09028 | अहमदाबाद – मुंबई सेंट्रल (AC सुपरफास्ट तेजस स्पेशल) | 09.03.2026 | सुबह 03:00 बजे (सोमवार) | उसी दिन सुबह 11:15 बजे |
| **कोच संरचना:** फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच। | | | | |
| 09021 | मुंबई सेंट्रल – अहमदाबाद (AC सुपरफास्ट स्पेशल) | 08.03.2026 | सुबह 06:20 बजे (रविवार) | उसी दिन दोपहर 12:40 बजे |
| 09022 | अहमदाबाद – मुंबई सेंट्रल (AC सुपरफास्ट स्पेशल) | 08.03.2026 | दोपहर 15:10 बजे (रविवार) | उसी दिन रात 21:45 बजे |
| **कोच संरचना:** विस्टाडोम, एग्जीक्यूटिव अनुभूति, एग्जीक्यूटिव चेयर कार और एसी चेयर कार कोच। | | | | |

उपरोक्त सभी ट्रेनें दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच और वडोदरा स्टेशनों पर रुकेंगी।

स्टॉपेज, ठहराव समय और कोच संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए यात्री www.enquiry.indianrail.gov.in वेबसाइट पर देख सकते हैं।

बुकिंग जानकारी **ट्रेन संख्या 09027 और 09028** की बुकिंग **06.03.2026** से शुरू होगी। **ट्रेन संख्या 09021 और 09022** की बुकिंग **07.03.2026** से शुरू होगी। बुकिंग सभी PRS काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। ये ट्रेनें स्पेशल किराए के साथ स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जाएंगी।

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

**सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखना अनिवार्य है।**



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**सहायक आयुक्त – टी वार्ड**

**ईओआई सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करते है।

| कार्य का नाम | बयाना राशि | ईओआई जांच शुल्क | ईओआई बिक्री प्रारंभ दिनांक व समय | ईओआई बिक्री समाप्ति दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| टी वार्ड स्थित टाटा कॉलोनी कब्रिस्तान में सफाई कार्यों के लिए संस्था की नियुक्ति | रु. 7,000/- | रु. 1,452/- + 18% जीएसटी | 06.03.2026 सुबह 11:00 बजे से | 16.03.2026 सुबह 11:00 बजे तक |

सीलबंद ई ओआई सहायक अभियंता (SWM), टी वार्ड के कार्यालय में 16.03.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक जमा करना आवश्यक है। ईओआई दस्तावेज डाक द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

हस्ता./-
(श्रीमती निरजा कोल्टे)
सहायक अभियंता
SWM टी वार्ड

पीआरओ/ 3191 / विज्ञा./2025-26

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**



## वसई विरार शहर महानगरपालिका

**प्रभाग समिती 'आय' कार्यालय, वसई**
**Prabhagsamitie@gmail.com**
**ता. वसई, जि. पालघर पिन नं. ४०१ २०१**
**दूरध्वनी : २५०-२३०९०२०/२३२२२५८**
**रुग्णालय : २३२२१२०/२३२३३४३**
**फॅक्स : ०२०५-२३२२१२०**

### जाहिर नोटीस

वसई-विरार शहर महानगरपालिका सर्व नागरिकांना सुचित करण्यात येते की, खालील नमूद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण करणेकामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे प्रभाग समिती आय कार्यालयात सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत/तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिध्द झालेल्या तारखेपासून ७ दिवसाच्या आत लेखी स्वरुपात कागदपत्रासह नोंदवावी. सदर बाबतीत कोणतीही हरकत/तक्रार न आल्यास कार्यालयामार्फत पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यात येईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणाऱ्या किंवा करदात्याचे नाव | खरेदीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| १. | उमेळा | UL01/793/2 | रमेश बा. परमार/दक्षा | नागेश कुमार गुपता |
| २. | उमेळा | UL01/781/7 | डायस लोपीस ॲण्ड असो | फ्रान्सिस अन्थोनी डिमेलो |
| ३. | उमेळा | UL01/543/13 | आफ्रिन इरफान शेख | श्रीदेवी महाबला देवाडिगा |
| ४. | उमेळा | UL01/815/18 | फेलिक्स फ्रान्सिस डिसोजा व अपोलिन फ्रान्सिस डिसोजा | तानिया पारस |
| ५. | नायगाव | NG01/281/5 | पीटर पास्कल गोम्स | साल्वाडोर रॉकी मिरांडा व रोसलीन साल्वाडोर मिरांडा |
| ६. | सालोली | SA04/10 | शिशीर के कांजीलाल व अर्चना कांजीलाल | वराप्रसाद सत्यनारायन चोलंगी |
| ७. | वसई | VV06/2478 | रमेश महादेव कुबल | संचित रमेश कुबल |
| ८. | वसई | VV06/8646 | रमेश महादेव कुबल | संचित रमेश कुबल |
| ९. | वसई | VV19/19996/10 | समीर आनंद सामंत व अनंत भास्कर सामंत | राजेंद्र शंकर लवटे |
| १०. | वसई | VV21/20201/9 | फरजाना सुलेमान पडाया | फहिमा मेराज उल हक सयद |
| ११. | वसई | VV10/6249 | रेहना रसिद मेमण | सोहेल रशीद मेमन |
| १२. | वसई | VV17/17018 | आरती मेघानी | मनोज राधेश्याम गुप्ता व दुर्गावती मनोज गुप्ता |
| १३. | उमेळा | UL01/745/13 | अनमा देवासीया | सीरिल डॉमनिक मचाडो |
| १४. | उमेळा | UL01/445/16 | जनार्दन लक्ष्मण म्हात्रे | मीना दिपक सिंह |
| १५. | उमेळा | UL01/442/7 | भगवानदास टेलर/चंपाबेन भगवानदास टेलर | आर्नद्रज वेंकटसन व रोसमेरी वेंकटेसन |
| १६. | उमेळा | UL01/751/1 | केतन प्रकाश पारधी व प्रीती केतन पारधी | वृषाली सत्यवान सावंत |
| १७. | उमेळा | UL01/792/1 | सचिन हरिराम बनिया | राजन अलिकनारायण झा व अर्चना झा |
| १८. | वडवली | VD01/204 | गजानन एकनाथ चौधरी | सुनंदा गजानन चौधरी व अमित गजानन चौधरी व प्रमोद गजानन चौधरी व महेश गजानन चौधरी |
| १९. | सांडोर | SD01/195/15 | शांता वैजनाथ भुसने | सुशीला जगदीश वगदरगी व मंजुनाथ जगदीश वगदरगी |
| २०. | वसई | VV07/13768 | जयप्रकाश दत्तात्रय महंत | नितीन आप्पासाहेब राजे |
| २१. | नायगाव | NG01/260/23 | स्नेहा हनुमंत पोटे व हनुमंत महादेव पोटे | साविओ आलेक्स मिरांडा व ऑक्सीलिया साविओ मिरांडा |
| २२. | वसई | VV13/7526 | पिटर जाकोत्य दात्या | प्रीतम पिटर दात्या |
| २३. | उमेळा | UL01/746/2 | कांचन प्रसाद यादव | सेलीन हेन्री क्रास्टो व जॉय हेन्री क्रास्टो |
| २४. | उमेळा | UL01/469/3 | घनःश्याम रामकिशन यादव | कुसुम बाळकृष्ण राऊळ व लक्ष्मण रावजी धर्णे |

जा.क्र :वविशम / कर विभाग / वसई/२००४/२५-२६
दिनांक : ०५/०३/२०२६

सही/-
सहा. आयुक्त
प्रभाग समिती 'आय'
वसई-विरार शहर महानगरपालिका



## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

**पाणी पुरवठा विभाग**

**जाहिर संर्व साधारण निविदा सुचना क्र. २९**

सन २०२५-२६. उल्हासनगर महानगरपालिका खालील नमूद कामांकरीता योग्य त्या वर्गात नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून जाहिर सर्व साधारण निविदा बी - १ नमून्यात मागवीत आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | अनामत रक्कम | कोऱ्या निविदा प्रतिची किंमत (१८% GST सह) | कामाची कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | उल्हासनगर ३ येथील जपानी बाजार, रंगोली साडी सेंटर, डोली नास्तावाला, मोहन गार्डन खेमानी येथे १००/१५० व्यासाची जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. मि. मी. व्यासाची डी. आय. के. ७, ५०/१०० मि. मी. | रु. ५,८५,८६६/- | रु. ५,८५९/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| २ | उल्हासनगर २ मधील पी. के. मार्केटिंग, बँक ऑफ बडोदाच्या मागे, वाधवानी अपार्टमेंट, भोलेनाथ कॉलोनी, गोविंद ग्लास हाउस व परिसरात ५०/८०/१०० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ५,२६,४६५/- | रु. ५,२६५/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ३ | उल्हासनगर २ व ३ मधील शांतीनगर, साईबाबा मंदिर ते छाया फर्निचर, किशोर पेटीसवाला ते नेहरु चौक, कोणार्क बँक ते लिंग रोड, राहुल नगर व परिसरात ५०/८०/१०० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे | रु. ५,२२,८२४/- | रु.५,२२८/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |
| ४ | उल्हासनगर नेहरु चौक, रमेश कोल्ड्रींग, सुभाष नगर जवळ, सुभाष नगर, ऑपोझिट किशोर शुज येथील परिसरात ५०/८०/१०० मी. मी. व्यासाची नविन जी. आय. जलवाहिनी टाकणे. | रु. ४,७६,०७२/- | रु. ४,७६१/- | रु. ५९०/- | ३० दिवस |

**अटी व शती :-**

१) या कामी निविदा प्रपत्र रोख रक्कम भरणा करून दिनांक ०६/०३/२०२६ पासून दिनांक १८/०३/२०२६ पर्यत दुपारी ३.०० वाजेपर्यत उपलब्ध होतील.
२) सीलबंद निविदा दिनांक २०/०३/२०२६ रोजी दुपारी ०३.०० वाजेपर्यत उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या पाणी पुरवठा विभागात स्वीकारण्यात येतील.
३) मुदतीत प्राप्त झालेल्या निविदा दिनांक २३/०३/२०२६ रोजी दु. ०३.०० नंतर शक्य झाल्यास अथवा इतर सोयीच्या दिवशी उपस्थित निविदाधारक किंवा त्यांचे प्रतिनिधी समक्ष उघडण्यात येतील.
४) अटी व शर्ती युक्त निविदाचा विचार केला जाणार नाही.
५) कामांची देयके निधी उपलब्धतेनुसार अदा करण्यात येतील.
६) प्रत्यक्ष कामांची ठिकाणे पाहून निविदा भराव्यात.
७) प्राप्त निविदेतील १ अथवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता मंजूर अथवा नामंजूर करण्याचा हक्क उल्हासनगर महानगरपालिकेने राखून ठेवला आहे.
८) २% सुरक्षा अनामत रक्कम देयकातून वजा करण्यात येईल
९) सदरच्या अंदाजपत्रकीय रक्कमेमध्ये GST पकडण्यात आलेली नाही.
१०) देयकास लागणारी GST रक्कम स्वतंत्रपणे देण्यात येईल.
११) निविदा अंतिमतः स्विकारणे / नाकारणेचे अधिकार मा. आयुक्तांचे राहतील.

जा.क्र. उपा/पीआरओ / ५७५/२०२६
दि.०५/०३/२०२६

सही/-
(किशोर गेवस)
अतिरिक्त आयुक्त
उल्हासनगर महानगरपालिका

संपादकीय

## बारूद के ढेर पर खड़ी दुनिया और मौन संवेदनाएं

आज मध्यम पूर्व एक ऐसे भयावह मोड़ पर खड़ा है, जहां से शांति की राह लगातार धुंधली होती जा रही है। ईरान, इजरायल, लेबनान और गाजा के बीच बढ़ता तनाव अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। हाल की घटनाओं और बढ़ते सैन्य हमलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक सभ्यता आज भी शक्ति के उसी पुराने और कठोर सिद्धांत से संचालित हो रही है, जिसने अतीत में दुनिया को कई बार विनाश के कगार पर पहुंचाया था। इस संकट ने वैश्विक संस्थाओं की प्रभावशीलता पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा कर दिया है। शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बातें करने वाली महाशक्तियां और वैश्विक संगठन अक्सर केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित दिखाई देते हैं। जब शक्तिशाली राष्ट्र अपने हितों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय नियमों की व्याख्या करने लगते हैं और सुरक्षा व्यवस्था का उपयोग न्याय के बजाय रणनीतिक लाभ के लिए होने लगता है, तब वैश्विक व्यवस्था की नींव कमजोर पड़ जाती है। यही कारण है कि आज संवाद की जगह अविश्वास और गोलियों की आवाज ने ले ली है।

इस संघर्ष का प्रभाव केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसकी आंच पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। वैश्विक बाजार पहले से ही महंगाई और आपूर्ति की समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी और महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों में असुरक्षा ने कई देशों के लिए आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। परिवहन लागत बढ़ने से विकासशील देशों की स्थिति और कठिन हो रही है। यह परिस्थिति एक व्यापक आर्थिक मंदी का संकेत भी दे रही है, जिसका सबसे अधिक असर आम नागरिकों पर पड़ेगा। लेकिन आर्थिक नुकसान से भी अधिक दर्दनाक वह मानवीय त्रासदी है जो इस युद्ध के कारण सामने आ रही है। मलबे के नीचे दबे बच्चे, अस्पतालों के बाहर अपने प्रियजनों के लिए रोते लोग और शरणार्थी शिविरों में जीवन बिताने को मजबूर लाखों परिवार इस संघर्ष की सबसे बड़ी कीमत चुका रहे हैं। यह वे लोग हैं जिन्होंने न युद्ध चाहा, न किसी संघर्ष की शुरुआत की, फिर भी उन्हें इसका सबसे अधिक दंश झेलना पड़ रहा है। यदि किसी समाज में निर्दोष लोगों की पीड़ा केवल आंकड़ों में बदल जाए, तो यह मानवता के लिए गंभीर चेतावनी है। मध्यम पूर्व का यह संकट धीरे-धीरे एक व्यापक शक्ति संघर्ष का रूप लेता दिखाई दे रहा है। कई बड़े देश अपने रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए इस क्षेत्र में अप्रत्यक्ष रूप से सक्रिय हैं। इतिहास बताता है कि जब राजनीतिक अहंकार और शक्ति की प्रतिस्पर्धा विवेक पर हावी हो जाती है, तब परिणाम अक्सर विनाशकारी होते हैं। इसलिए यह समय केवल सैन्य शक्ति दिखाने का नहीं, बल्कि दूरदर्शिता और संयम का है। शांति का वास्तविक अर्थ केवल हथियारों का शांत हो जाना नहीं है। शांति तभी स्थायी बन सकती है जब न्याय, सम्मान और सह-अस्तित्व की भावना मजबूत हो। यदि विश्व समुदाय वास्तव में स्थिर और सुरक्षित भविष्य चाहता है, तो उसे संवाद और समझ के मार्ग को प्राथमिकता देनी होगी। आज दुनिया को यह समझना होगा कि बारूद और मिसाइलें किसी भी समाज के लिए स्थायी समाधान नहीं बन सकतीं। मानवता की रक्षा के लिए आवश्यक है कि राष्ट्र अपनी युद्ध मानसिकता को विराम दें, आपसी विश्वास को पुनः स्थापित करें और यह स्वीकार करें कि किसी भी युद्ध की अंतिम कीमत अंततः आम मनुष्य ही चुकाता है। अभी भी समय है कि दुनिया संवेदनाओं को मौन रहने न दे और शांति की दिशा में ठोस कदम उठाए।

शख्सियत | माइकल एंजेलो

## पत्थर में प्राण फूंकने वाला महानायक




**6 मार्च, 1475 को इटली के फ्लोरेंस के पास जन्मे माइकल एंजेलो बुओनारोती का जीवन केवल एक कलाकार की कहानी नहीं, बल्कि मानवीय इच्छाशक्ति की पराकाष्ठा है। उनका बचपन अभावों और पारिवारिक विरोध के बीच बीता; उनकी माँ का निधन तब हुआ जब वे मात्र छह वर्ष के थे, और उनके पिता कला को एक निम्न स्तर का पेशा मानते थे।**

बालक माइकल को अपनी पसंद के लिए शारीरिक प्रताड़ना तक झेलनी पड़ी, लेकिन उनके भीतर जल रही सृजन की ज्वाला शांत नहीं हुई। उन्होंने मानव शरीर की शारीरिक रचना (anatomy) को समझने के लिए अस्पतालों के मुर्दाघरों में जाकर शवों का सूक्ष्म अध्ययन किया, जो उस समय न केवल डरावना बल्कि सामाजिक रूप से प्रतिबंधित कार्य था। यही वह कठिन तपस्या थी, जिसने उन्हें पत्थर के भीतर छिपी नसों और मांसपेशियों को सजीव रूप देने की अद्भुत क्षमता प्रदान की।

माइकल एंजेलो का कलात्मक योगदान इतिहास की सबसे बड़ी धरोहरों में शुमार है। उन्होंने मूर्तिकला को अपनी पहली प्राथमिकता माना और 'डेविड' जैसी विश्वप्रसिद्ध कृति का निर्माण किया। 17 फीट ऊंची यह मूर्ति एक ऐसे विशाल संगमरमर के टुकड़े से तराशी गई थी, जिसे अन्य अनुभवी कलाकारों ने 'दोषपूर्ण' कहकर त्याग दिया था। उन्होंने सिद्ध किया कि दृष्टि स्पष्ट हो, तो कचरे में भी देवत्व खोजा जा सकता है। वेटिकन के 'सिस्टिन चैपल' की विशाल छत पर उनके द्वारा किया गया चित्रकारी का कार्य मानवीय धैर्य का शिखर है। चार वर्षों तक एक ऊंचे मचान पर पीठ के बल लेटकर, आँखों में गिरते रंगों और असहनीय शारीरिक पीड़ा के बीच उन्होंने 300 से अधिक आकृतियाँ चित्रित कीं। उनकी कृति 'द क्रिएशन ऑफ एडम' आज भी ईश्वरीय शक्ति और मानवीय अस्तित्व के बीच के संबंध का सबसे सशक्त चित्रण मानी जाती है।

उनका जीवन संघर्ष केवल कला के प्रति नहीं, बल्कि तत्कालीन सत्ता और अपने प्रतिद्वंद्वी कलाकारों के साथ भी था। लियोनार्डो द विंची और राफेल जैसे दिग्गजों के साथ उनकी प्रतिस्पर्धा ने उन्हें और अधिक निखारने का काम किया। पोप और चर्च के सख्त आदेशों के बीच काम करते हुए उन्होंने कभी अपनी रचनात्मक स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। वे हफ्तों तक जूते नहीं उतारते थे और धूल-मिट्टी के बीच सो जाते थे, क्योंकि उनके लिए कला केवल काम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना थी। उनकी इंजीनियरिंग और वास्तुकला की समझ इतनी गहरी थी कि उन्होंने 'सेंट पीटर्स बेसिलिका' के गुंबद का जो नक्शा बनाया, वह आज भी आधुनिक स्थापत्य कला के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत बना हुआ है। उन्होंने पत्थरों को काटा नहीं, बल्कि उनके शब्दों में—₹मैंने पत्थर के भीतर कैद देवदूत को देखा और उसे तब तक तराशा जब तक वह आजाद नहीं हो गया।

# बढ़ती गर्मी और हमारी पर्यावरणीय उदासीनता



**धीरज सिंह**
**समाचार संपादक**

**शहरों में पेड़ों की कमी का सीधा असर वायु गुणवत्ता पर भी पड़ता है। पेड़ केवल छाया ही नहीं देते, बल्कि हवा को शुद्ध करने, तापमान कम करने और वर्षा के संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब शहरों से हरियाली गायब होती है, तो गर्मी और प्रदूषण दोनों तेजी से बढ़ते हैं।**

हर वर्ष गर्मी का मौसम आते ही एक ही चर्चा दोहराई जाती है—तापमान बढ़ रहा है, मौसम असहनीय होता जा रहा है और जीवन कठिन बनता जा रहा है। समाचारों में तापमान के नए रिकॉर्ड दर्ज होने की खबरें आती हैं, अस्पतालों में गर्मी से बीमार लोगों की संख्या बढ़ती है और शहरों में बिजली तथा पानी की मांग अचानक बढ़ जाती है। लेकिन इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न अक्सर अनदेखा रह जाता है कि आखिर यह स्थिति क्यों बन रही है और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि भारत के अनेक शहरों में तापमान लगातार नए स्तर पर पहुंच रहा है। कई स्थानों पर गर्मी के दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। बड़े शहरों में तो स्थिति और भी गंभीर है, क्योंकि वहां कंक्रीट के जंगल और वाहन प्रदूषण मिलकर "ऊष्मा द्वीप प्रभाव" पैदा करते हैं। इसका अर्थ यह है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों की तुलना में कई डिग्री अधिक हो जाता है। परिणामस्वरूप रात के समय भी गर्मी कम नहीं होती और लोगों को राहत नहीं मिलती। यदि हम महानगरों की बात करें, तो मुंबई जैसे शहर इसका स्पष्ट उदाहरण हैं। यहां पहले समुद्र और हरियाली के कारण मौसम अपेक्षाकृत संतुलित रहता था, लेकिन पिछले दो दशकों में स्थिति तेजी से बदली है। जनसंख्या बढ़ने, बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य, सड़कों के विस्तार और हरित क्षेत्रों के घटने के कारण तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कई रिपोर्टों में बताया गया है कि शहर के अनेक हिस्सों में हरित क्षेत्र लगातार घट रहे हैं। जो स्थान कभी पेड़ों और खुले मैदानों से भरे होते थे, वहां अब ऊंची इमारतें और कंक्रीट की संरचनाएं खड़ी हो गई हैं। विकास की आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता। शहरों को



सड़कें, आवास, परिवहन और उद्योग चाहिए। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन पूरी तरह टूट जाता है। दुर्भाग्य से हमारे शहरों में यही हो रहा है। एक ओर पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े भाषण दिए जाते हैं, दूसरी ओर हजारों पेड़ विकास परियोजनाओं के नाम पर काट दिए जाते हैं। कई बार इनके बदले नए पौधे लगाने की घोषणा भी होती है, लेकिन व्यवहार में यह काम या तो अधूरा रह जाता है या लगाए गए पौधे उचित देखभाल के अभाव में सूख जाते हैं। इस स्थिति के लिए केवल सरकारों को दोष देना भी पर्याप्त नहीं है। समाज के रूप में हमारी अपनी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। शहरों में रहने वाले अधिकांश लोग पर्यावरण की चिंता तो व्यक्त करते हैं, लेकिन अपने स्तर पर कोई ठोस कदम उठाने से बचते हैं। यह दुखद सत्य है कि बहुत से लोग अपने घरों की बालकनी या आंगन में एक छोटा पौधा लगाने तक के लिए तैयार नहीं होते। यदि हर घर में कुछ पौधे लगाए जाएं और उनकी नियमित देखभाल की जाए, तो शहरों के वातावरण में उल्लेखनीय सुधार आ सकता है।

गर्मी से जुड़े आंकड़े भी इस संकट की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण हर वर्ष हजारों लोग हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और अन्य बीमारियों का शिकार होते हैं। बिजली की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाती है, क्योंकि लोग ठंडक के लिए पंखों, शीतलन यंत्रों और अन्य साधनों का अधिक उपयोग करते हैं। इससे ऊर्जा की खपत बढ़ती है और अंततः पर्यावरण पर और अधिक दबाव पड़ता है।

शहरों में पेड़ों की कमी का सीधा असर वायु गुणवत्ता पर भी पड़ता है। पेड़ केवल छाया ही नहीं देते, बल्कि हवा को शुद्ध करने, तापमान कम करने और वर्षा के संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब शहरों से हरियाली गायब होती है, तो गर्मी और प्रदूषण दोनों तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए पेड़ों को केवल सौंदर्य का साधन नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता के रूप में समझना होगा।

समाधान बहुत जटिल नहीं है, लेकिन इसके लिए सामूहिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। नगर योजनाओं में हरित क्षेत्रों को प्राथमिकता देनी होगी। सड़क, मेट्रो या भवन निर्माण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और नए पौधारोपण की अनिवार्य व्यवस्था करनी होगी। साथ ही नागरिकों को भी यह समझना होगा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का काम नहीं है। यह हर नागरिक का कर्तव्य है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम केवल गर्मी की शिकायत करने तक सीमित न रहें, बल्कि उसके कारणों को समझकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। यदि हम विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने में सफल होते हैं, तो शहरों का तापमान भी नियंत्रित रहेगा और जीवन भी अधिक स्वस्थ तथा सुखद बनेगा। अन्यथा हर वर्ष गर्मी का नया रिकॉर्ड बनता रहेगा और हम केवल चर्चा करते रह जाएंगे।

हमारी गीता

## कारुण्य या मनोविकार?



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय में अर्जुन की जो स्थिति है, वह आज के आधुनिक मनुष्य की स्थिति का सटीक दर्पण है। अर्जुन युद्धभूमि में खड़ा होकर कहता है— 'सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति...' अर्थात मेरे अंग शिथिल हो रहे हैं, मुख सूख रहा है, शरीर कांप रहा है और हाथ से गाण्डीव धनुष गिर रहा है। यह दृश्य किसी दुर्धर रोग से ग्रस्त व्याकुल रुग्ण जैसा है जो डॉक्टर के पास जाकर अपनी व्यथा सुनाता है। आज के चिकित्सालयों में बच्चों से लेकर वृद्धों तक, अधिकांश रोगी इन्हीं लक्षणों की शिकायत करते हैं। आधुनिक वैद्यकीय शास्त्र (Medical Science) भी अब यह स्वीकार करता है कि अधिकांश रोग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मनोदैहिक होते हैं। भय, चिंता, अत्यधिक काम का बोझ और मानसिक विश्राम का अभाव—ये ही वे विषैले बीज हैं जो शरीर में मधुमेह (Diabetes), उच्च रक्तचाप (Blood Pressure) और हृदय रोग जैसी व्याधियों को जन्म देते हैं। यदि किसी वृक्ष को जीवित रखना है, तो पानी उसकी जड़ों (मूल) में देना चाहिए, केवल पत्तों पर छिड़काव पर्याप्त नहीं है। इसी प्रकार, शरीर का दर्द केवल एक लक्षण है, वह स्वयं



रोग नहीं है। हमें लक्षणों के माध्यम से रोग के मूल कारण तक पहुँचना होगा। अर्जुन ने अपनी शारीरिक और मानसिक पीड़ा भगवान कृष्ण के सामने रखी। परंतु गौर करने वाली बात यह है कि भगवान ने उसे कोई कड़वी दवाई या इंजेक्शन नहीं दिया, न ही कोई ऑपरेशन किया। उन्होंने अर्जुन के भ्रम का निवारण किया। जहाँ संजय अर्जुन की इस स्थिति को 'परा-कृपा' (अत्यधिक करुणा) जैसा सौम्य और सुंदर नाम देते हैं, वहीं भगवान कृष्ण इसे स्पष्ट शब्दों में 'क्लैब्य' (नपुंसकता), 'कश्मल' (विषाद) और 'मोह' कहते हैं। एक मनोरुग्ण जब बोलता है, तो उसकी बातें सुनने में बहुत तार्किक और सत्य प्रतीत हो सकती हैं, किंतु विक्षेपित और अस्थिर मन के विचार कभी कल्याणकारी नहीं हो सकते। अर्जुन स्वयं स्वीकार करता है कि उसका मन भ्रमित है और उसे अपशकुन दिखाई दे रहे हैं। मनोविकार के उन्माद में व्यक्ति बार-बार एक ही बात रटता है, जिसे हम 'प्रलाप' कहते हैं। गीता हमें सिखाती है कि हमें व्यक्ति की सतही बातों पर न जाकर उसकी समस्या के मूल में जाना चाहिए। जीवन की कुरुक्षेत्र रूपी लड़ाई जीतने के लिए केवल शरीर का स्वस्थ होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि मन का भ्रममुक्त और स्थिर होना अनिवार्य है।

जीवन ऊर्जा

जगजीवन राम: जन्म - 6 मार्च 1908 | जन्म

## संघर्ष ही जीवन का सत्य है

**जगजीवन राम का जन्म 6 मार्च 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के चंदवा गांव में हुआ। वे स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर समाज सुधारक और देश के प्रमुख दलित नेता थे। उन्होंने लंबे समय तक केंद्रीय मंत्री तथा रक्षा मंत्री के रूप में सेवा दी। सामाजिक समानता के लिए उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। उनका निधन 6 जुलाई 1986 को हुआ।**

समानता के बिना स्वतंत्रता अधूरी है। समाज की उन्नति अंतिम व्यक्ति के उत्थान से होती है। जाति नहीं, कर्म मनुष्य की पहचान है। शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का आधार है। लोकतंत्र में हर आवाज का सम्मान होना चाहिए। संघर्ष ही जीवन का सत्य है। अधिकार तभी सार्थक हैं जब सबको समान अवसर मिले। गरीबी और भेदभाव राष्ट्र की प्रगति में बाधा हैं। एकता में ही देश की शक्ति निहित है। सामाजिक न्याय राष्ट्र की आत्मा है। संविधान हमारा सर्वोच्च मार्गदर्शक है। मेहनत ही सफलता की कुंजी है। दलितों का उत्थान राष्ट्र का उत्थान है। मानवता सबसे बड़ा धर्म है।




युवाओं को अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। सत्ता सेवा का माध्यम है, स्वार्थ का नहीं। समान अवसर ही सच्चा लोकतंत्र है। नैतिकता के बिना राजनीति खोखली है। राष्ट्र निर्माण सबकी जिम्मेदारी है। असमानता को मिटाना ही सच्ची आजादी है। आत्मसम्मान मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। समाज सुधार निरंतर प्रक्रिया है। वंचितों की आवाज बनना ही सच्ची सेवा है। कानून सबके लिए समान होना चाहिए। समर्पण से ही परिवर्तन संभव है। साहस के बिना कोई आंदोलन सफल नहीं होता। श्रम का सम्मान राष्ट्र की पहचान है। न्याय में देरी भी अन्याय है। समानता का मार्ग कठिन लेकिन आवश्यक है। लोकतंत्र में संवाद अनिवार्य है। गरीबों की भलाई सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संघर्ष से ही अधिकार मिलते हैं। समाज में भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सच्ची प्रगति समावेशी होती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



## निर्भयता और शाश्वत सहारे का एकमात्र मार्ग

इस नश्वर संसार की चकाचौंध में हम अक्सर अपनों, अपनी संपत्ति और अपने सामर्थ्य को ही अपना वास्तविक बल मान बैठते हैं। लेकिन जीवन के कठिन मार्ग पर एक समय ऐसा आता है, जब संसार के सभी सहारे रेत की दीवार की तरह ढहने लगते हैं। उस गहन अंधकार और निस्सहाय अवस्था में यदि कोई प्रकाश की किरण शेष रहती है, तो वह केवल 'श्री भगवान' का ही आश्रय है। सत्य तो यही है कि इस संसार में आने से पहले भी वे परमेश्वर हमारे साथ थे,





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

इस जीवन यात्रा के दौरान भी वे ही हमारे भीतर और बाहर व्याप्त हैं, और यहाँ से विदा होने के बाद भी केवल उन्हीं का साथ स्थायी रहेगा।

यह जगत एक अस्थायी पड़ाव है, जहाँ हमारे रिश्ते-नाते और साधन केवल सुख के साथी सिद्ध होते हैं। हमारे और परमात्मा के मिलन के बीच केवल हमारे समझने और उसे हृदय से स्वीकार करने भर की देरी है। जैसे ही जीव इस सत्य को आत्मसात कर लेता है कि ईश्वर के अतिरिक्त उसका परम हितैषी और उसे अभय (निडरता) प्रदान करने वाला दूसरा कोई नहीं है, वैसे ही उसके जीवन से अशांति का लोप हो जाता है। वास्तविकता यही है कि सांसारिक जीव मोहवश एक-दूसरे की सहायता का दंभ तो भरते हैं, परंतु वास्तविक कल्याण और सुरक्षा केवल प्रभु के चरणों में ही सुरक्षित है। मानव स्वभाव है कि वह अपने धन, पद और शारीरिक बल पर अहंकार करता है। हम कितने ही बलवान, सामर्थ्यवान या संपत्तिवान क्यों न हों, लेकिन कालचक्र की मार और प्रारब्ध की विपत्ति के सामने यह सब शून्य हो जाता है। जब घोर विपत्ति का समय आता है, जब रोग, शोक या वियोग हमें घेर लेते हैं, तब संसार का सबसे धनी व्यक्ति भी स्वयं को असहाय पाता है। उस संकट काल में न तो संचित धन काम आता है और न ही सांसारिक प्रभाव। तब केवल वह करुणासिंधु प्रभु ही हमारा सहायक बनता है और हमें वह आत्मिक बल प्रदान करता है, जिससे हम बड़ी से बड़ी आपदा को पार कर सकें।

मानवीय जीवन में 'भय' सबसे बड़ी बाधा है। जब बुद्धि में भय व्याप्त हो जाता है, तो विवेक नष्ट हो जाता है। चाहे वह कुछ खोने का डर हो, किसी शत्रु का भय हो, या स्वयं अपने प्राणों पर आने वाला संकट—भय जीव को भीतर से खोखला कर देता है। इस भय से निवृत्ति का एकमात्र और अचूक उपाय है—प्रभु की शरणागति। जब हम पूर्ण विश्वास के साथ स्वयं को ईश्वर के चरणों में समर्पित कर देते हैं, तो वह भय स्वतः ही समाप्त हो जाता है। क्योंकि जिसके सिर पर ब्रह्मांड के स्वामी का हाथ हो, उसे संसार की कोई भी शक्ति विचलित नहीं कर सकती। प्रभु की शरण हमें मानसिक दासता से मुक्त कर अभय का वरदान देती है।

एक भक्त के जीवन का सबसे सुंदर सूत्र यही है कि जहाँ जीव का अपना बल समाप्त हो जाता है, जहाँ दुनिया के सभी संसाधन और सगे-संबंधी हाथ खड़े कर देते हैं, वहीं से ईश्वर की असीम कृपा का विस्तार शुरू होता है। जब जीव पूरी तरह से 'अकिंचन' होकर पुकारता है कि ₹हे प्रभु! अब मेरा कोई नहीं, केवल आप ही हैं₹, तब प्रभु अपने शरणागत की पूरी जिम्मेदारी संभाल लेते हैं। वे न केवल उसे संकटों से उबारते हैं, बल्कि उसे वह शांति और संतोष प्रदान करते हैं जो संसार की किसी भी वस्तु से प्राप्त नहीं हो सकती। अतः, जीवन की सार्थकता इसी में है कि हम उस शाश्वत सत्य को पहचानें और हर परिस्थिति में उस परमपिता परमेश्वर का ही सहारा लें।

### अपने विचार

विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के लंबे कार्यकाल में कभी नीतीश कुमार पर कोई दाग नहीं लगा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीतीश ने 11 साल तक बिहार को हर प्रकार से आगे ले जाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।



अमित शाह
गृहमंत्री, भारत सरकार

उद्धव सेना की नाराजगी के सारे दावे गलत हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संजय राउत पहले ही आए थे और शरद पवार से मिलकर भरोसा दे गए थे कि यदि आप उम्मीदवार होते हैं तो हम आपके साथ होंगे।



सुप्रिया सुले
सांसद, एनसीपी (शरद पवार)

'ऐसा कर्म क्यों करता वो कि सबसे आंख चुराता है। आते समय लगाया था, अब जाते समय लगाया है। यूपी वाले पूछ रहे काला चश्मा इतना क्यों भाया है। पीडीए हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा होगा जो उत्पीड़ित है, जो आहत है और जिसका अपमान किया गया है और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें उनका अधिकार मिले।



अखिलेश यादव
अध्यक्ष, सपा

हम पहले भी कहते रहे हैं कि भाजपा ने नीतीश कुमार को हाईजैक कर लिया है। यह बात साबित हो चुकी है। जो जनभावना है, वह सत्ता परिवर्तन के खिलाफ है। यह सबको पता था कि भाजपा ऐसा करेगी। भाजपा अपने सहयोगियों को खत्म करती रही है। जम्मू, तामिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्य इसका उदाहरण है।



तेजस्वी यादव
कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### वीआईपी दौरों के 'दिखावटी विकास' पर रोक की मांग



**ठाणे।** ठाणे पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिंनकर ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की है कि खास मेहमानों के दौरे से पहले होने वाली टेम्परारी पेंटिंग, दिखावटी सफाई अभियान और जल्दबाजी में की जाने वाली मरम्मत पर रोक लगाई जाए और इसके बजाय स्थायी, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी वीआईपी दौरे की घोषणा होते ही वर्षों से उपेक्षित सड़कों की अचानक मरम्मत, दीवारों की पेंटिंग, चौराहों का सौंदर्यीकरण, फुटपाथों की मरम्मत और लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त करने जैसे काम युद्धस्तर पर किए जाते हैं, लेकिन दौरा खत्म होने के कुछ ही दिनों में गड्ढे, टूटी सड़कें और गंदगी फिर सामने आ जाती है। डॉ. सिंनकर के अनुसार विकास कुछ घंटों के मेहमानों के लिए नहीं, बल्कि आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों के लिए होना चाहिए और सड़क, पानी, सफाई व रोशनी जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरे वर्ष बेहतर स्थिति में रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कैमरों के सामने चलाए जाने वाले एक दिन के सफाई अभियान केवल दिखावा बनकर रह जाते हैं, जबकि सफाई एक सतत व्यवस्था और जनभागीदारी से जुड़ी आदत होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे अपने बयान में कहा कि टेम्परारी सजावट और मरम्मत पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, जो जनता के टैक्स से जुटाए जाते हैं, इसलिए इन फंड का उपयोग अल्पकालिक दिखावे के बजाय दीर्घकालिक और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण पर होना चाहिए तथा प्रशासन को स्पष्ट नीति बनाकर ऐसे अस्थायी इंतजामों पर रोक लगानी चाहिए।

### गुड़ी पड़वा पर भव्य स्वागत यात्रा का आयोजन



**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका और श्री कौपिनेश्वर सांस्कृतिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च 2026 को भारतीय नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में भव्य स्वागत यात्रा का आयोजन किया जाएगा। अपनी स्थापना के 26वें वर्ष में प्रवेश कर रही इस ऐतिहासिक यात्रा की तैयारियों को लेकर मेयर शर्मिला पिंपलोलकर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई, जिसमें उन्होंने इस आयोजन को 'शहर का त्योहार' बताते हुए ठाणे के नागरिकों से उत्साहपूर्वक शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में डिप्टी मेयर कृष्णा पाटिल, विपक्ष के नेता अशरफ पठान और मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों सहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था पर चर्चा की, ताकि इस सांस्कृतिक उत्सव को सुचारू और यादगार बनाया जा सके।

# बेटिकट मुसाफिरों पर 'टिकट चेकिंग स्ट्राइक'

## मुंबई मंडल ने 16 लाख यात्रियों से वसूले 71 करोड़

### पिछले साल के मुकाबले जुर्माने में 4% का उछाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अनधिकृत यात्रा के खिलाफ अपने अभियान को और तेज कर दिया है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच चलाए गए इस विशेष टिकट जाँच अभियान में कुल 16.16 लाख अनियमित यात्रा के मामले सामने आए। इन लापरवाह यात्रियों से जुर्माने के रूप में 71.31 करोड़ की रिकॉर्ड राशि वसूली गई है। पिछले वर्ष की तुलना में मामलों की संख्या में 2% और राजस्व वसूली में 4% की सराहनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो रेलवे की सक्रियता को दर्शाता है।

### एसी लोकल ट्रेनों में बढ़ी सख्ती: राजस्व में 18% का उछाल

मुंबई की जीवनरेखा मानी जाने वाली एसी लोकल ट्रेनों में भी बिना उचित टिकट यात्रा करने वालों पर रेलवे की पैनी नजर रही। वित्त वर्ष 2025-26 में एसी ट्रेनों में 1.10 लाख मामले पकड़े गए, जिनसे 3.51 करोड़ का जुर्माना वसूला गया। वर्तमान में मध्य रेल 94 एसी लोकल सेवाएं संचालित कर रहा है, जिसमें इस वर्ष हार्बर लाइन पर शुरू की गई 14 नई ट्रेनें भी शामिल हैं। आँकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन औसतन 401 यात्री बिना वैध टिकट के पकड़े जा रहे हैं, जिससे वसूली में पिछले वर्ष के मुकाबले 18% की बढ़ोत्तरी हुई है।

### श्रेणीवार कार्रवाई: द्वितीय श्रेणी और बिना बुक सामान पर भी लगाम

रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सबसे अधिक उल्लंघन द्वितीय श्रेणी के डिब्बों में हुआ, जहाँ 11.68 लाख मामलों से 58.60 करोड़ वसूले गए। वहीं, प्रथम श्रेणी के डिब्बों में 1.46 लाख मामलों से 4.66 करोड़ का जुर्माना प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में अंतर के 50,809 मामले और बिना बुक किए गए सामान के 1.40 लाख मामलों पर कार्रवाई करते हुए रेलवे ने क्रमशः 2.98 करोड़ और 1.56 करोड़ का जुर्माना एकत्रित किया है।

### फरवरी 2026 की रिपोर्ट: एक महीने में 8.58 करोड़ की वसूली

अकेले फरवरी 2026 के महीने में टिकट जाँच टीमों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए 1.65 लाख मामले दर्ज किए और 8.58 करोड़ का जुर्माना वसूला। इस महीने के दौरान द्वितीय श्रेणी के डिब्बों से सर्वाधिक 6.68 करोड़ प्राप्त हुए, जबकि एसी लोकल और प्रथम श्रेणी से क्रमशः 38.56 लाख और 40.13 लाख का जुर्माना वसूल किया गया। मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों में किराए के अंतर और बिना बुक सामान पर की गई कार्रवाई ने भी इस मासिक राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।


## पश्चिम रेलवे की 191 करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड वसूली

### एसी उपनगरीय लोकल ट्रेनों से लगभग 3.8 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया




डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने बिना टिकट सफर करने वाले यात्रियों के खिलाफ अपनी कमर कस ली है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच चलाए गए सघन चेकिंग अभियानों में रेलवे ने जुर्माने के तौर पर 191 करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड वसूली की है। यह पिछले साल के मुकाबले 42% की जबरदस्त बढ़ोतरी है।




### 30 लाख यात्रियों पर गिरी 'गाज'

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, पिछले 11 महीनों (अप्रैल 2025 - फरवरी 2026) में लगभग 30 लाख ऐसे यात्रियों को पकड़ा गया जो या तो बिना टिकट थे या गलत तरीके से सफर कर रहे थे। इसमें बिना बुक किए गए सामान (Luggage) के मामले भी शामिल हैं। रेलवे की इस मुस्तैदी से खजाने में 191 करोड़ जमा हुए हैं। मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली उपनगरीय ट्रेनों में चेकिंग टीम ने दिन-रात एक कर दिया है।

### एसी लोकल में 'बिना टिकट' जाना पड़ा भारी

एसी लोकल ट्रेनों में सामान्य टिकट लेकर चढ़ने वाले यात्रियों पर रेलवे की विशेष नज़र है। अप्रैल से फरवरी के बीच एसी लोकल में 1.16 लाख जुर्माने के मामले दर्ज किए गए, जिससे 3.76 करोड़ वसूले गए। यह पिछले साल की तुलना में 99% (लगभग दोगुनी) की भारी वृद्धि है। रेलवे की चेकिंग टीम सिर्फ स्टेशनों पर ही नहीं, बल्कि लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस और हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों में भी औचक निरीक्षण कर रही है। वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारियों की निगरानी में यह टीमें राजस्व हानि रोकने और यात्रियों में अनुशासन जगाने का काम कर रही हैं।

## प्रमोद मिश्र बने मुंबई भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के अध्यक्ष

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने संगठन का विस्तार करते हुए जौनपुर के मूल निवासी प्रमोद मिश्र को मुंबई भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। मिश्र, जो जौनपुर जिले के असवां (जघई) गांव से ताल्लुक रखते हैं, ने साल 2009 में एक वार्ड पदाधिकारी के रूप में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। उनकी मेहनत और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए पार्टी ने उन्हें पूर्व में युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष, उत्तर भारतीय मोर्चा का महासचिव और मुंबई भाजपा के सचिव जैसी अहम जिम्मेदारियां सौंपी थीं। अब इस नई नियुक्ति के साथ उन्हें मुंबई में उत्तर भारतीय समाज के बीच पार्टी की पैठ और मजबूत करने का बड़ा जिम्मा मिला है।

### नेतृत्व का आभार और संगठन को सशक्त करने का संकल्प



अपनी नियुक्ति के बाद प्रमोद मिश्र ने मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम और महासचिव आचार्य पवन त्रिपाठी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए इस दायित्व को वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उनका मुख्य उद्देश्य मुंबई में उत्तर भारतीय समाज को एकजुट कर संगठन के आधार को और अधिक व्यापक बनाना है। मिश्र की इस नियुक्ति पर एडवोकेट अशोक दुबे, आशीष सिंह और राधेश्याम यादव सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलेगी 2 सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिमी रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को देखते हुए मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद के बीच विशेष किराए पर दो सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, पहली ट्रेन संख्या 09027/09028 (तेजस स्पेशल) 7 मार्च 2026 को मुंबई से रात 11:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह अहमदाबाद पहुंचेगी, जबकि वापसी में यह 9 मार्च को चलेगी। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### समय-सारणी और प्रमुख ठहराव का विवरण



दूसरी ट्रेन संख्या 09021/09022 मुंबई सेंट्रल से 8 मार्च 2026 को सुबह 06:20 बजे रवाना होकर दोपहर 12:40 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी और उसी दिन दोपहर बाद वापस मुंबई के लिए प्रस्थान करेगी। ये दोनों विशेष ट्रेनें अपनी यात्रा के दौरान बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच और वडोदरा जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेंगी।

## नवी मुंबई महानगरपालिका में समितियों के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका के प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देते हुए आज विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि सभी पदों पर उम्मीदवारों का चयन निर्विरोध हुआ। प्रत्येक पद के लिए केवल एक ही नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण पीठासीन अधिकारी तथा ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाळ ने आधिकारिक रूप से सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

### प्रमुख समितियों की कमान: अशोक पाटील और विकास झंजाड को बड़ी जिम्मेदारी



महानगरपालिका की सबसे शक्तिशाली मानी जाने वाली स्थायी समिति के अध्यक्ष पद पर अशोक भाऊसाहेब पाटील को चुना गया है, जबकि परिवहन समिति की कमान विकास कुंडलीक झंजाड को सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबंधन के लिए 8 प्रभाग समितियों के अध्यक्षों का भी चुनाव किया गया, जिनमें रुपाली किस्मत भगत (ब प्रभाग), प्रकाश नानाभाऊ मोरे (ड प्रभाग) और भरत कृष्णा भोईर (एच प्रभाग) जैसे नाम शामिल हैं।


### विशेष और तदर्थ समितियाँ

विषय समितियों के अंतर्गत स्वास्थ्य संरक्षण एवं चिकित्सा सहायता समिति का अध्यक्ष डॉ. जयाजी कृष्णा नाथ को बनाया गया है, जबकि सलुजा संदीप सुतार महिला एवं बाल कल्याण समिति की कमान संभालेंगी। जल आपूर्ति, विधि, और खेल समितियों के लिए भी अनुभवी पार्षदों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## त्रिपक्षीय समझौते पर हुए हस्ताक्षर जीटीबी नगर पुनर्विकास को मिली रफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

सायन कोलीवाड़ा स्थित सिंधी शरणार्थियों की ऐतिहासिक बस्ती जीटीबी के पुनर्विकास की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है। म्हाडा के बांद्रा स्थित मुख्यालय में एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय विकास समझौता संपन्न हुआ। इस समझौते पर म्हाडा, परियोजना की सभी सहकारी गृहनिर्माण सोसाइटियों और निर्माण व विकास एजेंसी (C&DA) के रूप में चुनी गई कीस्टोन रियल्टर्स (रुस्तमजी ग्रुप) ने हस्ताक्षर किए।



### आसमान छूते तीन आधुनिक टावर: 39 से 48 मंजिला इमारतें

पुनर्विकास योजना के तहत 1,200 लाभार्थियों के लिए तीन अत्याधुनिक और आकर्षक आवासीय टावर बनाए जाएंगे। इन इमारतों की ऊंचाई 39 से 48 मंजिलों के बीच होगी। विकास नियंत्रण नियमावली 33(9) के तहत बनाई जा रही इन इमारतों में फंजिबल एफएसआई (FSI) को मिलाकर लाभार्थियों को अधिकतम कारपेट एरिया प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

### म्हाडा का निजी जमीन पर पहला 'C&D' मॉडल प्रोजेक्ट

यह परियोजना म्हाडा के इतिहास में एक मील का पत्थर है क्योंकि यह पहला ऐसा पुनर्विकास प्रोजेक्ट है जिसे निजी भूमि पर बनी इमारतों के लिए 'कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट' (C&D) एजेंसी के माध्यम से लागू किया जा रहा है। म्हाडा के उपाध्यक्ष और सीईओ संजीव जायसवाल, मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर और रुस्तमजी ग्रुप के एमडी बोमन ईरानी की उपस्थिति में यह प्रक्रिया पूरी हुई, जिससे अब धरातल पर निर्माण कार्य शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

### मुफ्त मिलेंगे 635 वर्ग फुट के लग्जरी फ्लैट

इस परियोजना के सबसे बड़े लाभ के रूप में प्रत्येक पात्र लाभार्थी को 635 वर्ग फुट का आधुनिक फ्लैट पूरी तरह मुफ्त मिलेगा। प्रोजेक्ट को 'गेटेड कम्युनिटी' के कॉन्सेप्ट पर डिजाइन किया गया है, जिसमें बहुमंजिला बेसमेंट और पोडियम स्तर की पार्किंग सुविधाएं होंगी। खास बात यह है कि पार्किंग तक पहुँचने के लिए पारंपरिक रैंप तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जो निवासियों के लिए सुविधाजनक होगा।

### किराए की चिंता खत्म: हर महीने मिलेगा 20,000 मुआवजा

जैसे ही इस परियोजना को अधिकृत प्राधिकरण से निर्माण प्रारंभ प्रमाण पत्र (CC) प्राप्त होगा, सभी पात्र निवासी लाभार्थियों को हर महीने 20,000 रुपये की रेंट सब्सिडी (किराया) दी जाएगी। यह सब्सिडी तब तक जारी रहेगी जब तक उन्हें उनके नए घरों का कब्जा नहीं मिल जाता। इसके अलावा, प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद अगले पांच वर्षों तक इमारतों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी म्हाडा ही उठाएगी।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृष** अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**कर्क** काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें। फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**सिंह** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा।

**कन्या** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**तुला** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें।

**मकर** समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय-व्यापार से मनोनुकूल लाभ होगा। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है।

**कुंभ** पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मीन** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। पारिवारिक चिंताओं में कमी होगी। प्रमाद न करें।

## अंक ज्योतिष से जानिए किस क्षेत्र में मिल सकती है सबसे बड़ी सफलता




प्रियंका जैन
97699 94439

मानव जीवन में करियर केवल जीविका कमाने का साधन नहीं होता, बल्कि यह व्यक्ति की पहचान, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा का आधार भी बनता है। सही करियर चुनना जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक माना जाता है। अक्सर लोग अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद या जीवन के किसी मोड़ पर यह सोचते हैं कि आखिर उन्हें किस क्षेत्र में जाना चाहिए ताकि उन्हें सफलता भी मिले और संतुष्टि भी। कई बार लोग दूसरों की सलाह, समाज के दबाव या लोकप्रियता के आधार पर करियर चुन लेते हैं, लेकिन बाद में महसूस करते हैं कि वह क्षेत्र उनके स्वभाव और क्षमता के अनुरूप नहीं है। ऐसी स्थिति में प्राचीन विद्या अंक ज्योतिष एक रोचक और उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करती है। अंक ज्योतिष, जिसे Numerology के नाम से जाना जाता है, संख्याओं के माध्यम से व्यक्ति के स्वभाव, व्यक्तित्व, संभावनाओं और जीवन की दिशा को समझने का प्रयास करती है। इस विद्या के अनुसार हर संख्या एक विशेष ऊर्जा और गुणों का प्रतिनिधित्व करती है। व्यक्ति की जन्मतिथि से निकलने वाला मूलांक उसके स्वभाव, रुचियों और क्षमता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देता है। इसी आधार पर यह भी समझा जा सकता है कि व्यक्ति किस प्रकार के कार्यों में अधिक सफलता प्राप्त कर सकता है।

मूलांक निकालना बहुत सरल होता है। किसी भी व्यक्ति की जन्मतिथि को एक अंक में बदलकर उसका मूलांक प्राप्त किया जाता है। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 19 तारीख को हुआ है तो 1 और 9 को जोड़ने पर 10 होता है और फिर 1+0 करने पर मूलांक 1 प्राप्त होता है। इसी तरह हर व्यक्ति का एक मूलांक होता है, जो उसके व्यक्तित्व की मूल ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। अंक ज्योतिष के अनुसार मूलांक के अनुसार करियर चुनने से व्यक्ति की स्वाभाविक क्षमताओं के अनुसार अवसर मिलते हैं और सफलता की संभावना भी बढ़ जाती है। मूलांक 1 वाले लोग स्वभाव से नेतृत्वकारी और आत्मविश्वासी माने जाते हैं। जिन लोगों का जन्म किसी भी महीने की 1, 10, 19 या 28 तारीख को होता है उनका मूलांक 1 होता है। इन लोगों में निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है और वे दूसरों का नेतृत्व करने में सक्षम होते हैं। ऐसे लोग स्वतंत्र विचारों वाले होते हैं और अपने रास्ते खुद बनाना पसंद करते हैं। इसलिए इनके लिए व्यवसाय, प्रशासन, प्रबंधन, राजनीति और सरकारी सेवाओं जैसे क्षेत्र बहुत अनुकूल माने जाते हैं। कई बार ये लोग नौकरी की तुलना में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में अधिक सफल होते हैं क्योंकि उनमें नेतृत्व और जोखिम लेने का साहस होता है।

मूलांक 2 वाले लोग संवेदनशील, सहृदय और भावनात्मक रूप से गहरे होते हैं। जिनका जन्म 2, 11, 20 या 29 तारीख को हुआ है उनका मूलांक 2 होता है। ऐसे लोग दूसरों की भावनाओं को समझने में सक्षम होते हैं और टीमवर्क में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इनके भीतर सहानुभूति और सहयोग की भावना मजबूत होती है। इसलिए इनके लिए काउंसलिंग, शिक्षा, मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य, कला और साहित्य जैसे क्षेत्र उपयुक्त माने जाते हैं। ऐसे लोग उन पेशों में बेहतर काम करते हैं जहां लोगों से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने की जरूरत होती है।

मूलांक 3 वाले लोग रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। जिनका जन्म 3, 12, 21 या 30 तारीख को हुआ है उनका मूलांक 3 होता है।

# इब्राहिम जादरान बने अफगानिस्तान की टी-20 टीम के नए कप्तान

▶▶ राशिद खान की लेंगे जगह

**एजेंसी । काबुल**

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 और वनडे सीरीज के लिए अपनी टीमें घोषित की हैं। इस द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में अफगानिस्तानी टीम की कमान इब्राहिम जादरान संभालेंगे। ACB ने नवनियुक्त कप्तान का औपचारिक ऐलान किया है। जादरान अब टी-20 विश्व कप 2026 में टीम का नेतृत्व करने वाले राशिद खान की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी में नजर आएंगे। ACB के मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह ने कहा कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तान के तौर पर राशिद ने टीम को बहुत सफलता दिलाई। खासकर 2024 के टी-20 विश्व कप में टीम के शानदार सफर ने, जहां हम सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। अब हमने टी-20 टीम में लीडरशिप बदलने का सोच-समझकर फैसला लिया है। बता दें कि 2024 के संस्करण में अच्छा प्रदर्शन करने वाली अफगानी टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 में निराश किया था।



## फारूकी को नहीं मिला मौका

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजल हक फारूकी, ऑलराउंडर गुलबदीन नायब और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद इशाक, जो टी-20 विश्व कप 2026 के लिए टीम का हिस्सा थे, उन्हें दोनों टीमों से बाहर कर दिया गया है। इस बीच, विकेटकीपर बल्लेबाज नूर रहमान, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शराफुद्दीन अशरफ और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद अहमद को टी-20 टीम के लिए चुना गया है। फरीद अहमद मलिक की वनडे टीम में वापसी हुई है। वनडे सीरीज में दुबई में खेली जानी है।

## अफगानिस्तान की टी-20 और वनडे टीम

टी-20 टीम : इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), नूर रहमान (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, शाहिदुल्लाह कमाल, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, शराफुद्दीन अशरफ, राशिद खान, नूर अहमद, मुजीब उर रहमान, जिया उर रहमान, फरीद अहमद मलिक और अब्दुल्ला अहमदजई। वनडे टीम : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उपकप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोटी, गजनफर, जिया उर रहमान शरीफी, फरीद अहमद मलिक और बिलाल समी।

## ऐसी हीं टी-20 और वनडे सीरीज का कार्यक्रम

13 मार्च को होने वाले पहले मैच से टी-20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा टी-20 मैच क्रमश: 15 और 17 मार्च को खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। वहीं, 22 मार्च को दूसरा और 25 मार्च को तीसरा वनडे खेला जाएगा।

# जय शाह से मिली रणजी चैंपियन जम्मू-कश्मीर टीम



**एजेंसी । जम्मू**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू-कश्मीर को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। टीम के खिलाड़ियों ने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ मुलाकात की। बोर्ड ने बाद में सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरों को भी साझा करते हुए लिखा, रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मिलने और उनके साथ खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई और बीसीसीआई सचिव के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू और कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत करने में उनके नेतृत्व की भूमिका को स्वीकार किया। हम टीम से मिलने के लिए समय निकालने और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए खिलाड़ियों के साथ हौसला बढ़ाने के लिए श्री शाह का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।

# अहमदाबाद में होगी नई चुनौती : फिन

**एजेंसी । कोलकाता**

फिन एलन के तूफानी और टी-20 विश्व कप के इतिहास के सबसे तेज शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटा लिया है। इस शानदार जीत के साथ कीवी टीम पांच साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर वैश्विक टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंची है। अब न्यूजीलैंड की टीम अपने पहले विश्व खिताब से महज एक कदम दूर है। रविवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले में कीवी टीम का सामना भारत या इंग्लैंड में से किसी एक विजयी टीम से होगा।

## पुरानी हार से सीख और फाइनल की रणनीति

साल 2021 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार को पीछे छोड़ते हुए न्यूजीलैंड ने इस बार सटीक रणनीति के साथ मैदान पर वापसी की है। एलन ने बताया कि टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैचों का बारीकी से विश्लेषण किया था, जिसका फायदा उन्हें मैदान पर मिला।



## फिन एलन का रिकॉर्ड तोड़ शतक और दक्षिण अफ्रीका की हार

इस रोमांचक मुकाबले में फिन एलन ने महज 33 गेंदों में नाबाद 100 रनों की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के सात मैचों से चले आ रहे विजय रथ को रोक दिया। दक्षिण अफ्रीका द्वारा दिए गए 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने केवल एक विकेट खोकर 173 रन बना लिए और जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले छह मैचों से चली आ रही हार के सिलसिले को खत्म करने के बाद एलन ने कहा कि टीम अब नई ऊर्जा के साथ फाइनल में उतरेगी।

## गेंदबाजों ने रखी जीत की मजबूत नींव

न्यूजीलैंड की इस जीत में गेंदबाजों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। ऑफ-स्पिनर कोल मैककॉन्ची ने मैच के दूसरे ही ओवर में क्विंटन डिकॉक और रयान रिकेल्टन को लगातार गेंदों पर आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया। इसके बाद रचिन रवींद्र और मैट हेनरी ने कसी हुई गेंदबाजी से विपक्षी टीम पर शिकंजा कसे रखा। फिन एलन ने गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर शुरुआती विकेट लेना हमारे लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ, जिससे हमें मैच पर पकड़ बनाने में मदद मिली।

## हेनरी को मिली दोहरी खुशी

कोलकाता। घर पर अपने बेटे के जन्म का जश्न मनाने से लेकर सेमीफाइनल में निर्णायक अंतिम ओवर फेंकने तक न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने भावनाओं से भरे सप्ताह का समापन किया। हेनरी 27 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद बच्चे के जन्म के लिए घर लौट गए थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल से कुछ घंटे पहले टीम में फिर से शामिल हो गए थे। उन्हें दोहरी खुशी मिली। थका देने वाली यात्रा के बावजूद इस तेज गेंदबाज ने सबसे अहम समय पर शानदार प्रदर्शन किया और दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, बच्चे के जन्म के समय घर पर होना वाकई बहुत खास था। हॉली और जैक दोनों अच्छे हैं।

# भारत की निगाह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दूसरी जीत पर

▶▶ पिछले 05 टेस्ट मुकाबलों में हारी नहीं है भारतीय महिला टीम

▶▶ 03 मैच इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका से जीते, दो ड्रॉ रहे

**एजेंसी । पर्थ**

वनडे सीरीज में करारी हार के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई में भारतीय महिला क्रिकेट टीम लगभग पांच साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन-रात्रि टेस्ट में उतरेगी। इसमें भारतीय टीम लगातार दूसरी जीत हासिल करना चाहेगी। भारत ने दिसंबर 2023 में वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराकर इतिहास रच दिया था। वह पहला अवसर था जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट में हराया था।



## ऑस्ट्रेलिया अभी आगे

इस बहु प्रारूप वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी-20 सीरीज में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। टी-20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट के विजेता को चार अंक मिलेंगे। भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस सीरीज को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टेस्ट पदार्पण कर सकती हैं। रावल उन सात भारतीय खिलाड़ियों में हैं जिन्होंने अभी तक टेस्ट नहीं खेला है। अन्य खिलाड़ियों में बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, सायली सतघरे, अमनजोत कौर और काशवी गौतम भी हैं।

# पाकिस्तान क्रिकेट में बड़ा बदलाव

▶▶ मिस्बाह उल हक और सरफराज अहमद चयन समिति का हिस्सा बने

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अपनी पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में बदलाव की पुष्टि की है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर अलीम डार के इस्तीफे के बाद अब पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक और सरफराज अहमद को चयन पैनल में शामिल किया गया है। PCB ने चयन समिति की नई संरचना साझा कर दी है। अब यह 4 सदस्यीय समिति होगी, जिसमें मिस्बाह, सरफराज, आकिब जावेद और असद शफीक शामिल हैं। यह समिति पाकिस्तान टीम के चयन से जुड़े अहम फैसले लेगी। डार 11 अक्टूबर 2024 को चयनकर्ता बनाए गए थे। हाल के चयन संबंधी बैठकों के दौरान आंतरिक मतभेदों की खबरों के बीच उन्होंने पद छोड़ा है। सूत्रों के अनुसार, कई बार सर्वश्रेष्ठ अंपायर रह चुके डार चयन बैठकों के माहौल से काफी नाराज थे।



## बाबर आजम और शादाब खान को टीम में नहीं चाहते थे डार

सूत्रों के मुताबिक, डार टी-20 विश्व कप 2026 के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर आजम, शादाब खान और उस्मान खान को शामिल किए जाने के पक्ष में नहीं थे। चयन बैठक के दौरान उन्होंने इस फैसले पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का जोरदार समर्थन किया था। उनका तर्क था कि जब खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों को लगातार मौके दिए जा रहे हैं तो रिजवान को भी उतना ही भरोसा और अवसर मिलना चाहिए। सुपर-8 चरण में पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ हुआ पहला मुकाबला बारिश के चलते रद्द हो गया था। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक बांटना पड़ा था।

# अंडर-20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब को हराया



**एजेंसी । लिडिंगो**

लहिंगडेइकिम की हैट्रिक की मदद से भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने गुरुवार सुबह स्वीडन के बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में एक मैत्री मुकाबले में स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके को 5-2 से हरा दिया। लहिंगडेइकिम ने पहले मिनट, 20वें मिनट (पेनाल्टी) और 59वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई। वहीं सिंडी कोल्नी ने (34वें) और सुलंजना राउल ने (90वें) मिनट में भारतीय टीम के लिए एक-एक गोल किया।

# खेल मंत्री ने श्रीलंकाई बोर्ड में दिए बदलाव के संकेत

**एजेंसी । कोलंबो**

टी-20 विश्व कप में श्रीलंका टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और सुपर-8 के सभी मैचों में मिली हार के बाद देश के क्रिकेट बोर्ड (SLC) में बड़े प्रशासनिक फेरबदल की सुगबुगाहट तेज हो गई है। खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे ने गुरुवार को संकेत दिया ।



## ICC के साथ समन्वय और प्रतिबंध से बचने की रणनीति

श्रीलंकाई सरकार इस बार बेहद फूंक-फूंक कर कदम रख रही है ताकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के कड़े रुख का सामना न करना पड़े। खेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके स्वयं ICC के साथ बातचीत में शामिल हैं, क्योंकि देश दोबारा सदस्यता निलंबन का जोखिम नहीं उठा सकता। गौरतलब है कि 2024 में तत्कालीन खेल मंत्री द्वारा बोर्ड को बर्खास्त करने पर ICC ने सरकारी हस्तक्षेप मानते हुए श्रीलंका को प्रतिबंधित कर दिया था। अत: इस बार कोई भी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी बदलाव ICC की सहमति और दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही किए जाएंगे। कि खेल को नया स्वरूप देने और स्थिति को सुधारने के लिए एक अंतरिम समिति के गठन पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है वर्तमान अध्यक्ष शम्मी सिल्वा का कार्यकाल हालांकि मई 2027 तक है, लेकिन पिछले हफ्ते बोर्ड मुख्यालय पर हुए सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों ने प्रशासन पर इस्तीफे का भारी दबाव बना दिया है।

## बॉ ली वु ड

# कार्तिक आर्यन की फिल्म में साउथ एक्ट्रेस की एंट्री






कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के जरिए साउथ इंडस्ट्री की अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म से प्रीति अपना हिंदी फिल्मी सफर शुरू करेंगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से काफी खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि वह इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। फिल्म में उनका किरदार मजेदार और कॉमेडी से भरपूर होगा, जो कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा। प्रीति भी अपने इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं और दर्शकों के सामने एक नया अंदाज पेश करने के लिए तैयार हैं।

प्रीति मुकुंदन एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जिन्होंने साउथ भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म ओम भीम बुश से की थी। इसके बाद उन्होंने तमिल फिल्म स्टार में काम किया। वहीं मलयालम फिल्म मैंने प्यार किया भी उनके खाते में शामिल है। इसके अलावा प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म कन्नप्पा में भी देखा जा चुका है। अब 'नागजिला' के जरिए उनका बॉलीवुड डेब्यू दर्शकों के लिए खास होने वाला है।

# छोटे शो से लेकर सस्ती गाड़ी तक, गोविंदा ने बताई सच्चाई



बॉलीवुड के जाने-माने स्टार गोविंदा इन दिनों एक वायरल वीडियो की वजह से सुर्खियों में हैं। वीडियो में गोविंदा को किसी छोटे-मोटे शो या इवेंट में डांस करते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने तरह-तरह की बातें कीं, कुछ ने तारीफ की तो कुछ ने पूछा कि इतने बड़े स्टार छोटे शोज में क्यों जा रहे हैं। इसके बाद गोविंदा की फाइनेंशियल कंडीशन को लेकर सवाल उठने लगे। इन सब के सामने आने के बाद बर किसी को गोविंदा के रिएक्शन का इंतजार था। अब गोविंदा ने एक इंटरव्यू के दौरान इन सब सवालों के जवाब दिए हैं। एक्टर गोविंदा एक बार फिर से खबरों में आ गए हैं। इसकी वजह कुछ और नहीं बल्कि गोविंदा का एक इंटरव्यू है। सिद्धार्थ कन्नन से बात करते हुए गोविंदा ने कहा, 'जिन्हें छोटा कह रहे हैं, वो एक मुख्यमंत्री का शो है। और दूसरा जो है, वो सांसद का है।' उन्होंने आगे कहा कि सोशल मीडिया किसी के कंट्रोल में नहीं है। लोग सोशल मीडिया की ताकत का गलत इस्तेमाल करते हैं। कोई भी हेडलाइन बिना फैक्ट चेक किए चला दी जाती है। अगरा में छोटी-छोटी गाड़ी में घूमने वाली बात पर गोविंदा ने सफाई दी। उन्होंने बताया कि ये सिर्फ प्रोटोकॉल की बात थी। 'उनके पास वही गाड़ी अलाउड है। आपकी मर्सिडीज सब बाहर खड़ी करनी पड़ती है। क्योंकि वहां का रूल है।' उन्होंने ये साफ किया कि ये उनकी लाइफस्टाइल से कोई समझौता नहीं था। गोविंदा ने आगे कहा कि 'मैं कभी ये सब ईगो-वेगो में नहीं आया।'

## 'अतरंगी सुपरहीरो' बनने को तैयार सलमान खान



सलमान खान अब पर्दे पर एक अनोखे 'सुपरहीरो' के अवतार में नजर आएंगे। उन्होंने मशहूर निर्देशक जोड़ी राज और डीके के साथ एक नई फिल्म फाइनल की है। इस फिल्म की खास बात ये है कि इसमें सलमान एक ऐसे सुपरहीरो का रोल करेंगे, जो अपनी शक्तियों और दुनिया को बचाने के काम से थक चुका है और अब रिटायर होना चाहता है। सलमान और निर्देशक राज-डीके की जोड़ी इसके जरिए पहली बार साथ आ रही है।पिछले 3 महीनों से सलमान और मशहूर निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के बीच चल रही चर्चा अब एक ठोस रूप लेती दिख रही है। ये जोड़ी सलमान के लिए एक बेहद ही अलग और अतरंगी सुपरहीरो फिल्म बना रही है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'हैनकॉक' की तर्ज पर होगी।

# रिसेप्शन में नंगे पैर दिखे राम चरण



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के भव्य रिसेप्शन में फिल्मी सितारों का जमावड़ा देखने को मिला। इस खास मौके पर कई बड़े कलाकार पहुंचे, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा राम चरण की एंट्री ने बटोरी। रिसेप्शन में उनका नंगे पैर पहुंचना हर किसी के लिए हैरानी का कारण बन गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

राम चरण अपनी पत्नी उपासना कोनिडेला के साथ समारोह में पहुंचे। अभिनेता पूरी तरह काले कपड़ों में नजर आए और खास बात यह रही कि उन्होंने जूते-चप्पल नहीं पहने थे। जहां बाकी सितारे महंगे डिजाइनर कपड़ों और जूतों में दिखाई दिए, वहीं राम चरण का सादा और अलग अंदाज लोगों का ध्यान खींचता नजर आया। दरअसल, राम चरण का यह अंदाज किसी फैशन का हिस्सा नहीं बल्कि उनकी धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। अभिनेता इन दिनों भगवान अयप्पा की आराधना से जुड़ी 'अयप्पा दीक्षा' का पालन कर रहे हैं। इस कठिन व्रत के दौरान भक्तों को कई सख्त नियमों का पालन करना होता है, जिनमें जूते-चप्पल न पहनना, सादा जीवनशैली अपनाना और जमीन पर सोना जैसे नियम शामिल हैं।

यह दीक्षा केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर की तीर्थयात्रा से जुड़ी मानी जाती है। ऐसे में इस भव्य समारोह में भी राम चरण का नंगे पैर पहुंचना उनकी आस्था और अनुशासन को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर फैंस अभिनेता की इस धार्मिक निष्ठा की जमकर सराहना कर रहे हैं।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव

# हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद 'हैप्पी क्लाइमेक्स'

- टूटते-टूटते बचा डीएमके-कांग्रेस गठबंधन, सीट शेयरिंग तय
- कांग्रेस 28 विधानसभा सीटों पर लड़ेगी
- डीएमके ने एक राज्यसभा की सीट भी दी

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में बुधवार को एक बड़ा 'क्लाइमेक्स' आया, जब टूटने की कगार पर पहुँच चुके DMK और कांग्रेस के गठबंधन को अनुभवी नेता पी. चिदंबरम ने बचा लिया। दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे पर मुहर लग गई है, जिससे राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब साफ़ हो गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और डीएमके के बीच 2004 से चले आ रहा गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने मंगलवार को स्टालिन से मुलाकात की और लंबी बातचीत के बाद बात बन गई।





### कांग्रेस के लिए 'बंपर' डील

तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई ने इसे एक बड़ी जीत बताया है। कांग्रेस को न केवल 28 विधानसभा सीटें मिली हैं, बल्कि बदले में एक राज्यसभा सीट भी दी गई है। यह 40 साल में पहली बार है जब कांग्रेस अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में इतनी सफल रही है।

### पुराना ट्रैक रिकॉर्ड (2021 के नतीजे)

राज्य में विधानसभा की 234 सीटें हैं। 2021 के चुनाव में DMK ने 133 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 18 सीटें मिली थीं। DMK के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने कुल मिलाकर 159 सीटों पर जीत हासिल की थी। दूसरी ओर NDA को 75 सीटें मिली थीं, जिसमें AIADMK 66 सीटों के साथ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी रही थी।

## खामेनेई की मौत पर भारत ने जताया शोक



- विदेश सचिव ने कंडोलेंस रजिस्टर पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई की मौत पर संवेदना व्यक्त की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने आज दिल्ली में ईरान के राजदूत से मुलाकात की और खामनेई की मौत पर कंडोलेंस रजिस्टर पर साइन किए। खामनेई की मौत रविवार को तेहरान में अमेरिका-इजरायल एयर स्ट्राइक में हुई थी। भारत का यह कदम उसके रुख में छोटे से बदलाव का संकेत है, जिसमें उन एयरस्ट्राइक की निंदा नहीं की थी जिनमें खामनेई की मौत हुई थी और विपक्ष की फॉर्मल बयान की जोरदार मांगों के सामने सोची समझी चुप्पी बनाए रखी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिडिल ईस्ट के हालात पर अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत में हमेशा ऐसे झगड़ों का हल निकालने के लिए बातचीत और डिप्लोमेसी की अपील की है। भारत का रिएक्शन जी7 डेमोक्रेसी जैसा ही था, जिनमें से किसी ने भी शोक संदेश जारी नहीं किया था। विपक्ष ईरान के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों की ओर इशारा करते हुए इसकी मांग कर रहा है।

## कनाडा में खालिस्तान विरोधी यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल की हत्या

### हमलावरों ने रास्ते में चाकुओं से गोद डाला

**ओंटेरियो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत से एक बेहद दुखद और सनसनीखेज खबर सामने आई है, जहाँ पंजाब की राजनीति और सामाजिक मुद्दों पर बेबाकी से राय रखने वाली 45 वर्षीय यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। लासेल पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात करीब 9:30 बजे टॉड लेन इलाके में हुई। सूचना मिलते ही जब मेडिकल टीम और पुलिस मौके पर पहुँची, तो नैंसी लहूलुहान हालत में मिलीं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन घाव इतने गहरे थे कि उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने विंडसर निवासी नैंसी ग्रेवाल की पहचान की पुष्टि करते हुए



उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और फिलहाल घटनास्थल को सील कर संदिग्ध हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

### खालिस्तान विरोध और बेबाक विचारों के कारण चर्चा में थीं नैंसी

नैंसी ग्रेवाल सोशल मीडिया पर अपने प्रखर विचारों के लिए जानी जाती थीं। वह अक्सर खालिस्तान समर्थकों की कड़ी आलोचना करती थीं और भारत-कनाडा के बीच बढ़ते तनाव पर भी अपनी राय साझा करती रही हैं। उन्होंने जेल में बंद सांसद अमृतपाल सिंह, अकाली नेता बिक्रम मजीठिया और डेरा ब्यास प्रमुख जैसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों के खिलाफ भी आवाज उठाई थी। इसके अलावा, पिछले साल बठिंडा की इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी (कमल कौर भाभी) की मौत के मामले में भी उन्होंने न्याय की मांग की थी। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी है और स्थानीय निवासियों से सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारी साझा करने की अपील की है ताकि इस जघन्य हत्याकांड के पीछे के मकसद और आरोपियों का पता लगाया जा सके।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोच्चि हिट-एंड-रन मामले में पीड़िता की मौत

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में 'हिट-एंड-रन' मामले में 19 वर्षीय पीड़िता जसलिया जॉनसन की मौत हो गई है। 28 फरवरी को हुई घटना के बाद उनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां उन्होंने तीन मार्च को दमतोड़ दिया। मामले में आरोपी चिकित्सक डॉ. सीरियाक को पकड़ने के लिए पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की गई है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा से चार ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**आइजोल।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने ड्रग तस्करी मामले में मिजोरम में भारत-म्यांमार सीमा से एक म्यांमार के नागरिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, एनसीबी ने इलाके में तीन अलग-अलग स्थानों से लगभग 36 किलोग्राम सिंथेटिक ड्रग और 905 ग्राम हेरोइन जब्त की है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 31 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन मिजोरम के एंटी-ड्रग्स अधिकारियों के साथ समन्वय में किया गया।

### लोकायुक्त ने सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर की छापेमारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में कई सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बताया कि बेंगलुरु, मांड्या, धारवाड़, हसन, मैसूरु, विजयपुरा और यादगीर सहित अन्य जिलों में विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों से जुड़े स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। सूत्रों के अनुसार, हसन नगर निगम के सहायक कार्यकारी अभियंता एमसी सत्यनारायण, हुबली में कर्नाटक ग्रामीण अवसंरचना विकास लिमिटेड के मुख्य अभियंता वसंतप्पा नायक आदि के आवास पर छापेमारी की गई।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने राज्य की राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। चुनाव से पहले राज्यपाल का पद छोड़ना एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। सीवी आनंद बोस ने 17 नवंबर 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था।

## कांग्रेस के तीन विधायक भाजपा में शामिल



**गुवाहाटी।** असम में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच कांग्रेस को एक बड़े राजनीतिक संकट का सामना करना पड़ा है। गुरुवार को कांग्रेस के तीन मौजूदा विधायक—कमलाख्या डे पुरकायस्थ, शशिकांत दास और बसंत दास—औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनके साथ ही कांग्रेस के पूर्व संयुक्त सचिव परशा बॉब कलिता और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव कंगकन नाथ ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। गुवाहाटी में आयोजित इस मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया और केंद्रीय मंत्री पवित्रा मार्गरीटा की उपस्थिति में इन नेताओं ने भगवा दल की सदस्यता ग्रहण की, जिसे विपक्षी खेमे के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए एक महत्वपूर्ण खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ये तीनों विधायक पिछले दो वर्षों से विधानसभा के भीतर सरकार की नीतियों और कार्यों का समर्थन कर रहे थे और आज उनकी यह प्रतिबद्धता औपचारिक सदस्यता में बदल गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन अनुभवी नेताओं के आने से राज्य में भाजपा का संगठन और अधिक सशक्त होगा। चुनाव से ठीक पहले हुए इस दल-बदल ने राज्य की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है, जिससे कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगने की संभावना और प्रबल हो गई है।

# अमेरिकी सीनेट में ट्रंप की राजनीतिक जीत

- ईरान पर कार्रवाई सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में खारिज
- प्रस्ताव 47 के मुकाबले 53 वोटों से गिरा

एजेंसी । वॉशिंगटन

अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी', को सीमित करने वाले एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। 47 के मुकाबले 53 वोटों से प्रस्ताव के गिरते ही ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ी राजनीतिक बढ़त हासिल कर ली है। इस मतदान के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि सीनेट में वर्तमान में राष्ट्रपति की विदेश नीति और सैन्य रणनीतियों को लेकर रिपब्लिकन खेमा मजबूती से उनके साथ खड़ा है।



### सैन्य शक्तियों पर अंकुश लगाने की कोशिश विफल

यह प्रस्ताव डेमोक्रेटिक सीनेटर टिम केन द्वारा पेश किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य युद्ध शक्तियों (War Powers) पर राष्ट्रपति के एकाधिकार को कम करना था। केन और उनके समर्थकों का तर्क था कि ईरान के खिलाफ किसी भी बड़ी सैन्य कार्रवाई के लिए कांग्रेस की अनुमति अनिवार्य होनी चाहिए। हालांकि, ज्यादातर रिपब्लिकन सीनेटरों ने इस प्रस्ताव को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बाधक माना और ट्रंप के समर्थन में एकजुट होकर इसे विफल कर दिया।

### वोटिंग के दौरान दिखी दलीय सीमाओं में दरार


मतदान की प्रक्रिया के दौरान दोनों ही पार्टियों के भीतर कुछ असामान्य रुख देखने को मिले। जहाँ एक ओर रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने अपनी पार्टी के खिलाफ जाकर प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, वहीं डेमोक्रेटिक सीनेटर जॉन फेटरमैन ने पार्टी लाइन से हटकर राष्ट्रपति ट्रंप की शक्तियों का समर्थन किया। यह क्रॉस-वोटिंग दर्शाती है कि ईरान और सैन्य शक्तियों का मुद्दा अमेरिकी राजनीति में कितना संवेदनशील और जटिल है।

### डेमोक्रेट्स ने उठाए रणनीति और पारदर्शिता पर सवाल

डेमोक्रेटिक नेताओं ने ट्रंप प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कार्रवाई में कांग्रेस को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। सीनेटर टिम केन ने मतदान से पहले कड़े शब्दों में कहा कि राष्ट्रपति को अपने वादों को निभाना चाहिए, न कि संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ना चाहिए। विपक्ष का मुख्य मुद्दा यह है कि प्रशासन के पास भविष्य की रणनीति को लेकर कोई स्पष्ट पारदर्शिता नहीं है, जिससे युद्ध का खतरा बढ़ सकता है। दूसरी ओर, रिपब्लिकन नेताओं ने राष्ट्रपति के अधिकारों का पुरजोर बचाव किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम जैसे वरिष्ठ नेताओं का तर्क है कि राष्ट्रपति ने संविधान के तहत 'कमांडर-इन-चीफ' के रूप में अपनी शक्तियों का सही उपयोग किया है। उन्होंने 'वार पावर्स एक्ट' के माध्यम से राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने के प्रयास को असंवैधानिक करार दिया और सुझाव दिया कि यदि कांग्रेस वास्तव में असहमत है, तो वह केवल सैन्य फंडिंग रोककर अपना विरोध जता सकती है।

## ब्रिटेन ने भारत को वापस की 500 साल पुरानी मूर्ति

एजेंसी । लंदन



ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के मशहूर 'एशमोलियन म्यूजियम' ने 16वीं सदी की एक ऐतिहासिक कांसे की मूर्ति भारत को सौंप दी है। यह मूर्ति वैष्णव संत तिरुमंगई अलवर की है, जो लगभग 500 साल पुरानी है। क्यों खास है यह मूर्ति : यह अनमोल प्रतिमा मूल रूप से तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले के थाडिकोम्बु में स्थित 'श्री सौंदरराजा पेरुमल मंदिर' की है। म्यूजियम ने इस मूर्ति को 1967 में एक नीलामी से खरीदा था। लंदन स्थित 'इंडिया हाउस' में आयोजित समारोह में इस मूर्ति को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। अब इसे जल्द ही तमिलनाडु वापस भेजा जाएगा।

## सिर्फ छह दिनों में ही साल पूरा करता है यह नया ग्रह

- खगोलविदों को पृथ्वी से दोगुना बड़ा और नौ गुना भारी ग्रह मिला

**कैलिफोर्निया।** खगोलविदों ने अंतरिक्ष में नया ग्रह खोजा है, जिसका नाम 'टीओआई-5734बी' रखा गया है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग 106 प्रकाश वर्ष दूर एक छोटे तारे की परिक्रमा कर रहा है। आकार में यह पृथ्वी से दो गुना बड़ा है, लेकिन वजन में नौ गुना ज्यादा भारी है।

### इस ग्रह की मुख्य विशेषताएं



यह ग्रह अपने तारे के बहुत करीब है, इसलिए यहां का तापमान लगभग 415 डिग्री सेल्सियस रहता है। इसी वजह से इसे 'हॉट सब-नेप्च्यून' कहा जा रहा है। जहां पृथ्वी को सूरज का चक्कर लगाने में 365 दिन लगते हैं, वहीं यह ग्रह मात्र छह दिनों में ही अपना एक साल पूरा कर लेता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक चट्टानी दुनिया है, जिसका वायुमंडल धीरे-धीरे अंतरिक्ष में उड़ रहा है। अगले 30 करोड़ सालों में यह अपना शुरुआती बाहरी कवच पूरी तरह खो देगा। यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ग्रह 'रेडियस वैली' (ग्रहों के आकार के बीच का एक खाली गैप) के किनारे पर स्थित है।

## उपग्रह चित्रों से बनेगा मकान सूचीकरण ब्लॉक



- गृहमंत्री ने डिजिटल जनगणना के लिए लांच किए चार टूल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में 'जनगणना-2027' की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने इस विशाल अभियान के लिए चार अत्याधुनिक डिजिटल टूल्स का सॉफ्ट लॉन्च किया और दो आधिकारिक शुभंकर (Mascots)— 'प्रगति' (महिला) और 'विकास' (पुरुष) का अनावरण किया। सी-डैक (C-DAC) द्वारा विकसित इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की मदद से पहली बार उपग्रह चित्रों (Satellite Imagery) का उपयोग करके मकानों का सूचीकरण किया जाएगा। यह आधुनिक प्रणाली न केवल डेटा की सटीकता सुनिश्चित करेगी, बल्कि गणना कार्य को पहले से कहीं अधिक सुगम और पारदर्शी बनाएगी। दो चरणों में संपन्न होने वाली जनगणना-2027 दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सांख्यिकीय कार्य होगा, जिसमें 30 लाख से अधिक प्रगणक और अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस बार नागरिकों को 'स्व-गणना' का विकल्प भी दिया जा रहा है, जो डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। शुभंकर 'प्रगति' और 'विकास' न केवल मैत्रीपूर्ण प्रगणकों के प्रतीक हैं, बल्कि वे 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी का संदेश भी देते हैं।

खबर पत्तर | 6 अंकों का यूनिक कोड बताएगा सोने का पूरा इतिहास

# सोने की अनिवार्य हॉलमार्किंग 380 जिलों में लागू

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में सोना केवल एक धातु नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों की गाढ़ी कमाई और भावनात्मक सुरक्षा का प्रतीक है। उपभोक्ताओं के इसी भरोसे को और मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने देश के 380 जिलों में अनिवार्य गोल्ड हॉलमार्किंग के तीसरे चरण को पूरी तरह लागू कर दिया है। इस नए बदलाव का सीधा असर अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के सर्राफा बाजारों पर भी दिखने लगा है। अनिवार्य हॉलमार्किंग के इस विस्तार से भारतीय स्वर्ण बाजार में पारदर्शिता आएगी। हालांकि छोटे जौहरियों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया थोड़ी चुनौतीपूर्ण है, लेकिन लंबी अवधि में यह 'ब्रांड इंडिया' की साख को वैश्विक स्तर पर मजबूत करेगा।



### पुराने गहनों पर भी लगवा सकते हैं हॉलमार्क

आम जनता के मन में सबसे बड़ा सवाल पुराने गहनों को लेकर है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है। आम नागरिक अभी भी अपने पुराने, बिना हॉलमार्क वाले गहनों को जौहरी को बेच सकते हैं या उन्हें बदलकर नए गहने ले सकते हैं। नियम केवल जौहरियों द्वारा नई बिक्री पर लागू हैं।

### एचयूआईडी यानी सोने का 'आधार कार्ड'

अब बाजार में बिकने वाले सोने के हर आभूषण पर छह अंकों का एक यूनिक अल्फान्यूमेरिक कोड एचयूआईडी होना अनिवार्य है। यह कोड आभूषण के 'आधार कार्ड' की तरह काम करता है। इससे न केवल सोने की शुद्धता (जैसे 18 कैरेट, 22 कैरेट या 24 कैरेट) की गारंटी मिलती है, बल्कि गहना किस जौहरी ने बनाया और किस केंद्र पर इसकी जांच हुई, इसका पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहता है।

अब ग्राहक को केवल जौहरी की बात पर भरोसा करने की जरूरत नहीं है। सरकार के 'बीआईएस केयर' मोबाइल ऐप के जरिए कोई भी व्यक्ति दुकान पर खड़े-खड़े गहने पर अंकित एचयूआईडी कोड डालकर उसकी असलियत परख सकता है। यदि ऐप पर जानकारी मैच नहीं होती, तो ग्राहक तुरंत इसकी शिकायत दर्ज करा सकता है।